जबलपुर, रविवार
22 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 265
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com


# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'अगर मेहनत आदत बन जाए, तो कामयाबी मुकद्दर बन जाती है'


2 सज गया मां का दरबार भक्तों की...
5 सीएमएचओ कार्यालय में अधिकारी...
7 बाजार सूने, खुले में नमाज पर रोक...
11 आपके लिए बेस्ट...मध्यप्रदेश में...


# तेल पर पाबंदी...होर्मुज की घेराबंदी




वाशिंगटन/तेहरान

ट्रम्प प्रशासन ने ईरानी तेल की खरीद पर प्रतिबंधों में 30 दिन की छूट दी है। ये छूट केवल समुद्र में मौजूद ईरानी तेल के टैंकरों की खरीद के लिए है। अमेरिकी ट्रेजरी मिनिस्टर स्कॉट बेसेंट ने इसकी घोषणा की। ट्रेजरी विभाग की वेबसाइट के मुताबिक यह छूट 20 मार्च से 19 अप्रैल के लिए है। ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई बढ़ाने और कीमतों को काबू में रखने के लिए ऐसा किया गया है। अमेरिका-इजराइल की ईरान के साथ चल रही जंग की वजह से क्रूड की कीमतें 110 डॉलर के पार निकल गई है। 28 फरवरी को जंग शुरू होने से पहले ये 70 डॉलर के करीब थी। स्कॉट बेसेंट ने कहा कि दुनिया के लिए इस मौजूदा सप्लाई को अस्थायी रूप से खोलकर ग्लोबल मार्केट में लगभग 14 करोड़ बैरल तेल तेजी से आएगा। इससे दुनियाभर में ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ेगी और सप्लाई पर जो अस्थायी दबाव बना है, उसे कम करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ढील के बाद ईरान ने चौंकाने वाला दावा किया है। ईरान ने कहा कि ग्लोबल मार्केट में आपूर्ति के लिए हमारे पास न कच्चा तेल है और न अतिरिक्त भंडार हैं। ईरान के इस बयान से वैश्विक तेल बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई है। होर्मुज संकट के बीच पूरी दुनिया में कीमतों में उछाल और आपूर्ति पर दबाव बना हुआ है। ईरानी तेल मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान में ईरान के पास समुद्र मार्ग से या अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों को ऑफर करने लायक कोई अतिरिक्त कच्चा तेल या अनुपयोग क्षमता नहीं बची है। ईरानी अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि युद्ध-संबंधित अस्थिरता और प्रतिबंधों के कारण देश अतिरिक्त तेल की मात्रा को स्वतंत्र रूप से अन्य दिशाओं में मोड़ने में सक्षम नहीं है। बता दें कि ईरान के कच्चे तेल और पेट्रोलियम निर्यात मुख्य रूप से कुछ प्रमुख खरीदारों पर केंद्रित हैं। 2024-2025 तक मूल्य और हिस्सेदारी के आधार पर खरीदारों की लिस्ट में सबसे ऊपर चीन रहा है, जो हाल के वर्षों में ईरान के लगभग 90 प्रतिशत कच्चे तेल निर्यात का हिस्सा रखता है।



## प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन से फोन पर बात की है। इस दौरान पीएम मोदी ने उन्हें ईद-उल-फितर और ईरानी नए साल नवरोज की शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं के बीच हुई इस बातचीत में न केवल त्योहारों की खुशियां साझा की गईं, बल्कि मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालातों और सुरक्षा से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि यह त्योहारी सीजन पूरे पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लेकर आएगा। पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में चल रहे तनाव के बीच उनका यह संदेश काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि क्षेत्र की शांति ही वैश्विक विकास का असली रास्ता है। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों पर हो रहे हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की।

## ईरान के नतांज परमाणु केंद्र पर जबरदस्त बमबारी

ईरान के सबसे सुरक्षित और संवेदनशील माने जाने वाले नतांज परमाणु केंद्र पर अमेरिका-इजरायल ने मिलकर जबरदस्त बमबारी की है, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि, इस भारी हमले के बीच राहत की एक बड़ी खबर भी सामने आई है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, इस ताजा हमले में नतांज संवर्धन केंद्र को निशाना बनाया गया है। हमले की तीव्रता इतनी अधिक थी कि इसकी गूंज दूर-दराज के इलाकों तक सुनी गई। लेकिन शुरुआती जांच के बाद ईरानी अधिकारियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि अब तक किसी भी तरह के रेडियोधर्मी पदार्थ (रेडिएशन) के रिसाव की पुष्टि नहीं हुई है। यानी, परमाणु कचरा फैलने जैसा जो सबसे बड़ा डर था, वह फिलहाल टल गया है। सरकार ने इस सैन्य कार्रवाई को अमेरिका-इजरायल के उस निरंतर अभियान का हिस्सा बताया है, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना है।



## आने वाली 'महंगाई' के साफ संकेत दिखने लगे

### रुपये में गिरावट और ईंधन के बढ़ते दामों पर राहुल गांधी का तीखा प्रहार

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती महंगाई और गिरते रुपये को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने आगाह किया कि रुपये की कमजोरी और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी महज आंकड़े नहीं, बल्कि आने वाली एक बड़ी आर्थिक सुनामी के संकेत हैं। सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी ने तंज कसा कि आखिर इन हालात के बाद अब आम आदमी की थाली में क्या बचा है? राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि रुपये का



डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और फ्यूल की कीमतों में उछाल सीधे तौर पर महंगाई को दावत दे रहा है। उन्होंने कहा, सरकार भले ही इसे नॉर्मल बताए, लेकिन हकीकत यह है कि इससे उत्पादन और ट्रांसपोर्ट दोनों महंगे हो जाएंगे। इसका सीधा असर रोजमर्रा की चीजों के दामों पर पड़ेगा और हर परिवार की जेब ढीली होगी। राहुल गांधी ने अर्थव्यवस्था के अन्य मोर्चों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि रुपये की गिरावट से छोटे उद्योगों को सबसे ज्यादा चोट पहुंचेगी। साथ ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों का पैसा देश से बाहर जाने की रफ्तार बढ़ेगी, जिससे शेयर बाजार पर भारी दबाव देखने को मिलेगा।

### चुनाव बाद बढ़ेगी महंगाई

सरकार की रणनीति पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी ने दावा किया कि यह सिर्फ वक्त की बात है। जैसे ही चुनाव खत्म होंगे, सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में भी बड़ी बढ़ोतरी कर देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के पास अर्थव्यवस्था को संभालने की न तो कोई दिशा है और न ही कोई ठोस रणनीति, यह सरकार सिर्फ बयानबाजी कर रही है।

**ढाबा और होटल कारोबारी को बड़ी राहत**

## सरकार ने एलपीजी सिलिंडर के लिए 20% बढ़ाई सप्लाई

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शनिवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कॉमर्शियल एलपीजी की सप्लाई बढ़ाने पर बड़ा फैसला लिया है। केंद्र ने कहा है कि 23 मार्च से राज्यों को अब पहले के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा गैस दी जाएगी। इसके बाद राज्यों को मिलने वाली कुल सप्लाई संकट से पहले के स्तर (प्री-क्राइसिस लेवल) के 50 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सामुदायिक रसोई, रेस्टोरेंट, ढाबों, होटलों और इंडस्ट्रियल कैंटीन को प्राथमिकता दी जाए।



साथ ही प्रवासी मजदूरों को प्राथमिकता से 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, गैस की कालाबाजारी या गलत इस्तेमाल रोकने के लिए कदम उठाने को भी कहा गया है।

### अफसर की मौत मामले में मंत्री का इस्तीफा

**अमृतसर।** पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार के परिवहन मंत्री लालजीत भुल्लर का नाम लेकर सरकारी एजेंसी, वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के अमृतसर में तैनात डिस्ट्रिक्ट मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा ने सुसाइड कर लिया। मरने से पहले उन्होंने 12 सेकेंड का वीडियो जारी कर कहा- खा ली सल्फास, मिनिस्टर लालजीत भुल्लर के डर से, अब मैं नहीं बचता। इस घटना का पता चलते ही सीएम भगवंत मान ने मंत्री भुल्लर से इस्तीफा ले लिया। मामले की जांच चीफ सेक्रेटरी केएपी सिन्हा को सौंप दी गई है।

### प्रेस क्लब ने पत्रकारों के साथ बल प्रयोग की कड़ी निंदा की

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने देश की प्रतिष्ठित और सबसे पुरानी समाचार एजेन्सियों में से एक यूनाइटेड न्यूज़ ऑफ इंडिया (यूएनआई) परिसर को खाली कराने के लिए पुलिस द्वारा वहां काम कर रहे पत्रकारों के साथ शुक्रवार देर शाम की गई धक्का-मुक्की तथा बल प्रयोग पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। प्रेस क्लब ने इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की है। पुलिस भूमि विवाद से संबंधित एक अदालत के आदेश के बाद सरकारी अधिकारियों के साथ देर शाम परिसर को खाली कराने के लिए वहां गयी थी।

## आजकल के युद्ध सीमाओं से परे : राजनाथ

### नागरिकों को भी सेना के साथ खड़ा होना होगा मजबूती से

नई दिल्ली (वार्ता)



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आजकल के युद्धों को सीमाओं से परे बताते हुए हर हाल में देश की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने में सक्षम नागरिकों द्वारा समर्थित एक सशक्त सेना की आवश्यकता पर जोर दिया है। श्री सिंह ने उत्तराखंड के घोराखाल स्थित सैनिक विद्यालय के स्थापना दिवस और हीरक जयंती समारोह को शनिवार को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि संघर्षों का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है, क्योंकि आज किसी भी राष्ट्र को आर्थिक, साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध के माध्यम से कमजोर किया जा सकता है, जिसके लिए प्रत्येक नागरिक को हर समय सतर्क और तैयार रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में आर्थिक, डिजिटल, ऊर्जा और यहां तक कि खाद्य सुरक्षा भी शामिल है। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने में सक्षम नागरिकों द्वारा समर्थित एक सशक्त सेना की आवश्यकता पर जोर दिया।

## 'फरसा वाले बाबा' की मौत पर मथुरा में बवाल

मथुरा/वाराणसी

मथुरा में 'फरसा वाले बाबा' के नाम से मशहूर गौरक्षक बाबा चंद्रशेखर की मौत के बाद इलाके में जमकर बवाल हो हुआ। गौतस्करों पर बाबा चंद्रशेखर को गाड़ी से कुचलने का आरोप है, जिसके बाद पुलिस वालों के साथ गौरक्षकों की झड़प हुई और गौरक्षकों ने पुलिस की गाड़ियों पर जमकर पथराव और तोड़फोड़ किया। हालांकि मथुरा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 'फरसा वाले बाबा' का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा और बरसाना समेत आसपास के इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। वहीं, ईद के मौके पर सांप्रदायिक तनाव फैलाने की एक बड़ी



साजिश को भी सुरक्षा एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया। जांच में सामने आया है कि फरसा बाबा की मौत को हत्या बताकर हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच तनाव पैदा करने की साजिश रची गई थी, ताकि ईद के दिन टकराव की स्थिति बनाई जा सके। पुलिस और खुफिया एजेंसियों के इनपुट के मुताबिक, फरसा बाबा की सड़क हादसे में हुई मौत को सुनियोजित तरीके से हत्या बताकर अफवाह फैलाने की कोशिश की गई। ट्रक दुर्घटना में हुई इस मौत को कुछ अराजक तत्वों ने गो तस्करों से जोड़ते हुए इसे सांप्रदायिक रंग देने की साजिश रची।

### शंकराचार्य ने की कार्रवाई की मांग

फरसा बाबा की मौत के मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को गोरक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए।

## आरोपी की इमेज का ख्याल रखें पुलिसकर्मी: सुप्रीम कोर्ट

### आरोपियों के फोटो-वीडियो अपलोड करना चिंताजनक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मोबाइल से शूट वीडियो-फोटो को तुरंत सोशल मीडिया पर अपलोड करने के ट्रेंड पर कड़ी चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा- इससे निष्पक्ष सुनवाई प्रभावित होती है और आरोपियों के खिलाफ पहले ही माहौल बन जाता है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई की। इसमें कहा गया है कि पुलिस आरोपियों के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर



डालकर लोगों के मन में पूर्वाग्रह पैदा कर रही है। याचिका हेमेंद्र पटेल ने दायर की है। याचिकाकर्ता ने कहा कि पुलिस आरोपियों की हथकड़ी लगी, रस्सियों से बंधी या अपमानजनक स्थिति वाली तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाल रही है। इससे व्यक्ति की गरिमा को ठेस पहुंचती है और जनता में पूर्वाग्रह बनता है। कोर्ट ने इस पर सहमति जताते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय माना है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले भी राज्यों को पुलिस मीडिया ब्रीफिंग के लिए गाइडलाइन बनाने को कहा जा चुका है, जिसमें सोशल मीडिया पोस्ट भी शामिल होंगे। आज हर मोबाइल फोन रखने वाला व्यक्ति खुद को मीडिया समझने लगा है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- यह स्थिति डिजिटल अरेस्ट जैसी बनती जा रही है।

## अमेरिकी रिपोर्ट में आरएसएस पर बैन की सिफारिश

नई दिल्ली

अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की रिपोर्ट में आरएसएस पर बैन लगाने की बात कही गई है। भारत के 275 पूर्व जजों, अधिकारियों और सैन्य लोगों ने इसका विरोध किया और कहा कि रिपोर्ट गलत और पक्षपाती है। शनिवार को जारी बयान में इन पूर्व अधिकारियों ने कहा कि यह रिपोर्ट किसी मकसद से बनाई गई है और इसमें ठीक से सोच-समझकर बात नहीं की गई। उनका कहना है कि बिना पक्के सबूतों के भारतीय संस्थाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है। बयान में कहा गया कि आरएसएस जैसे संगठन पर बैन लगाना, उसकी संपत्ति जब्त करना और लोगों के आने-जाने पर रोक लगाना बिल्कुल गलत और बेकार सुझाव हैं। पूर्व अधिकारियों ने अमेरिकी सरकार से कहा कि जो लोग यह रिपोर्ट बना रहे हैं, उनकी जांच होनी चाहिए। उनका आरोप है कि कुछ भारत-विरोधी लोग

### 275 पूर्व जज-अधिकारियों ने की आलोचना



ऐसी रिपोर्ट के जरिए दोनों देशों के बीच भरोसा खराब करना चाहते हैं। इस संयुक्त बयान पर कुल 275 लोगों ने साइन किए हैं। इनमें 25 रिटायर्ड जज, 119 पूर्व सरकारी अधिकारी (जिनमें 10 राजदूत भी हैं) और 131 पूर्व सैन्य अधिकारी शामिल हैं। पूर्व जजों और अधिकारियों ने बयान में यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग बार-बार भारतीय संस्थाओं को बिना पूरी जानकारी के गलत तरीके से दिखाता है, जिससे उसकी निष्पक्षता पर शक होता है। पूर्व अधिकारियों ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतंत्र है, जहां अदालतें और दूसरी संस्थाएं सही तरीके से काम करती हैं। इसलिए धार्मिक आजादी के मामलों को अनदेखा होने की संभावना बहुत कम है।

### रॉ पर बैन की कर चुका है मांग

अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने अपनी 2025 की रिपोर्ट में कहा था कि भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति बिगड़ती जा रहा है और सिख अलगाववादियों की हत्या की साजिश में कथित रूप से शामिल होने की वजह से सीक्रेट एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) पर बैन लगा दिया जाना चाहिए। भारत सरकार ने रिपोर्ट खारिज करते हुए इसे पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित बताया था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि रिपोर्ट तथ्यों को गलत ढंग से पेश करती है। इस आयोग को खुद को 'चिंता का विषय संस्था' घोषित कर देना चाहिए।

# सज गया मां का दरबार भक्तों की लग रही कतार

शहडोल (स्वतंत्र मत)



सिंह वाहिनी माता भटिया का स्थान अत्यंत प्राचीन है। यह पूरा पहाड़ी इलाका है। पूर्व में पमारों की बस्ती थी। सन 1650 में नवल शाह सोहागपुर इलाका से बंट कर यहां आए। और इस जगह में पड़ाव डालकर निवास स्थान बनाने लगे । खुदाई के दौरान माता की प्रतिमा प्राप्त हुई, जिसे वहीं स्थापित कर पूजा- अर्चना करने लगे। नवल शाह के पुत्र जैत सिंह हुए। उन्हें माता ने स्वप्न दिया कि तुम यहां से थोड़ी दूर पर एक जैती का पेड़ है, वहां अपना निवास बनाओ। माता के आदेश से जैत सिंह आए और अपने नाम से जैतपुर बसाकर रहने लगे। लेकिन माता की पूजा अर्चना बराबर करते रहे जैत सिंह के सातवीं पीढ़ी में जगन्नाथ सिंह हुए। वो माता के अनन्य भक्त थे। उनका ज्यादा समय माता के सेवा में व्यतीत होता था, माता उनको सिद्ध थी। जैतपुर का इलाका रीवा रियासत के अधीन था, वर्ष में एक बार सभी इलाकेदारों को रीवा जाकर इलाके का ब्योरा देना पड़ता था। एक वर्ष जब ब्योरा देने के लिए रीवा गए, वहां पहुंचकर देखा तो कागज यही भूल गए थे। इससे बहुत परेशान हुए दरबार में कागज न पहुंचना बड़ी शर्मिंदगी वाली बात थी, एक रात में जैतपुर से रीवा कागज पहुंचाना असंभव था। अब तो सिर्फ माता का ही सहारा था, रात भर माता की प्रार्थना करते-करते आंख लग गई, सपने में माता ने गाल पर एक तमाचा मारा और कहा की तकिया के नीचे देख?। तमाचा पड़ते ही आंख खुल गई, और देखा तो सभी कागज तकिया के नीचे मिले? जय हो माता की, इस तरह माता की असीम कृपा थी। जगन्नाथ सिंह के समय से माता की पूजा अर्चना के लिए पुजारी शिव प्रसाद द्विवेदी को रखा गया था। वह दोनों पति-पत्नी भाटिया में छोटी झोपड़ी बनाकर रहते थे। और माता की पूजा करते थे। पूजा का पूरा खर्च जैतपुर रियासत से मिलता था। पूजा के निमित्त पुजारी को तीन एकड़ जमीन भी पुजारी के खर्च के लिए दिए थे। शिव प्रसाद के मृत्यु के बाद उनके पुत्र रामसुंदर माता की सेवा में थे, उनके तीन पुत्र हैं जो उनके बाद तीनों माता की सेवा करते हैं, जगन्नाथ सिंह के बाद उनके पुत्र राजेंद्र सिंह हुए, उनका शासन काल ज्यादा समय नहीं रहा सन 1947 में उनके मृत्यु के पश्चात पत्नी श्रीमति सीता कुमारी के द्वारा माता की सेवा होती रही पति के स्मृति में 1954 में पत्थर का मंदिर बनवाया, दो पत्थर में स्मृति चिन्ह भी दीवार में लगवा दिया था। जो मंदिर के जीर्णोद्धार के समय अस्त- व्यस्त हो गया। नवल शाह के कई वंश वृक्ष हुए जो बघेल सरनेम से सोन नदी के इस पर से लेकर कोरिया बॉर्डर तथा छत्तीसगढ़ बॉर्डर तक स्थापित हैं। सभी बघेल परिवार सिंह वाहिनी माता को कुल देवी के रूप में पूजते हैं। तथा सभी मांगलिक कार्य यही से करते हैं धीरे-धीरे आवा गमन के साधन बढ़ने से बाहर से भी भक्त आने लगे। रामसुंदर काफी सरल स्वभाव के थे, उनके व्यवहार में धीरे-धीरे काफी भक्त जन आने लगे 1970 में श्रीमति सीता कुमारी के संरक्षण में एक क्षेत्रीय लोगों की समिति गठित हुई, और यज्ञ कराया गया। दस दिन तक काफी भीड़-भाड़ रही। धार्मिक माहौल बना रहा। सभी क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से यह प्रक्रिया हर साल चलने लगी, 1996 तक इसी तरह श्रीमती सीता कुमारी के संरक्षण में सुचारू रूप से व्यवस्था चलती रही, वृद्धावस्था के कारण श्रीमति सीता कुमारी ने यह सेवा कार्य अपने दामाद तथा बेटी को सौंप दिया था। 1997 में ट्रस्ट का गठन हुआ उसमें बघेल परिवार से कुछ लोग तथा श्रीमति सीता कुमारी की दोनों पुत्रियां और क्षेत्रीय लोग ट्रस्ट में माता की सेवा में रहते हैं। अब ट्रस्ट की देखभाल में व्यवस्था चलती है, जावरा उत्सव माता की विशेष पूजा तथा भंडारा भी निरंतर चलता रहता है। माता भटिया रानी के दरबार में बाल व्यास आयुष कान्हा जी महाराज बृंदावन के मुखारविंद से दिनांक - 21/03/2026 से 27/03/2026 तक साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा का पाठ किया जाएगा। तथा कथा कार्यक्रम के संरक्षक जगत्गुरु रामानुजाचार्य देवांश प्रपन्नाचार्य (दण्डवती जी महाराज) खाम्हीडोल रहेंगे। जय मां सिंहवाहिनी न्यास भटिया के द्वारा सभी जनता जनार्दन, सनातन धर्म के पुजारियों एवं माता रानी के भक्तों से आग्रह किया गया है कि सभी अपने परिवार जनों एवं ईष्ट मित्रों के साथ पधार कर मां का दर्शन व अमृत कथा का रसपान करें।





# नवरात्रि के तृतीय दिवस उमड़ा आस्था का सैलाब, मंदिरों में गूंजे जयकारे

शहडोल (स्वतंत्रमत)

नवरात्रि के तृतीय दिवस जिलेभर में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कंकाली मंदिर, सिंहपुर मंदिर, विराटेश्वरी धाम और बुड़ी माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। माता के दर्शन के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। मंदिर परिसरों में जय माता दी के गगनभेदी जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिरों में भीड़ को देखते हुए प्रशासन और मंदिर समितियों द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था लागू रही। जगह-जगह पेयजल, साफ-सफाई और प्रकाश की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह में और भी वृद्धि हुई। पूरे दिन क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बना रहा और भक्तिभाव से सराबोर यह दृश्य लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। नवरात्रि के आगामी दिनों में भी श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, जिसे देखते हुए प्रशासन ने व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के संकेत दिए हैं।

# धनपुरी नगरपालिका में झिरिया शंकर मंदिर परिसर के समीप नाले की हुई साफ-सफाई

शहडोल (स्वतंत्रमत)



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत कुएं, बावड़ियों, तालाबों सहित अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल का संचयन सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में धनपुरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 4 में स्थित झिरिया शिव शंकर मंदिर परिसर के समीप नाले की साफ-सफाई का कार्य नगरपालिका के मैदानी कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। इस कार्य से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा तथा वर्षा के दौरान जल भराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना है, जिससे भू-जल स्तर में वृद्धि हो और आमजन को जल संकट से राहत मिल सके।

# एबीवीपी ने कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय इकाई द्वारा विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक चार्ल्स वर्गीज पर हुए कथित हमले व अभद्र व्यवहार को लेकर विश्वविद्यालय के कुल सचिव को ज्ञापन सोपा गया। और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि घटना को अंजाम देने वाले



छात्रों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए,जिन छात्रों ने ऐसा कृत्य किया है उसका विद्यार्थी परिषद से कोई संबंध नहीं है और विद्यार्थी परिषद इस प्रकार की किसी भी घटना का समर्थन नहीं करता है, साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करता है ऐसे छात्रों पर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि दोबारा ऐसी घटनाएं विश्वविद्यालय में ना हो। ज्ञापन को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रान्त सहमंत्री मंत्री शिवेंद्र चतुर्वेदी,आदि उपस्थित रहे।

# पुरानी बस्ती दुर्गा मंदिर की नई समिति का गठन, अभिषेक मिश्रा (नित्तू) बने अध्यक्ष

शहडोल (स्वतंत्रमत)

स्थानीय पुरानी बस्ती स्थित प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आगामी धार्मिक आयोजनों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से नई कार्यसमिति का गठन किया गया।

## निर्विरोध चुने गए नए पदाधिकारी

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आपसी सहमति से अभिषेक मिश्रा (नित्तू भैया) को मंदिर समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि उनके मार्गदर्शन में मंदिर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

## धार्मिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

नवनियुक्त अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने इस जिम्मेदारी के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंदिर की गरिमा और जन-आस्था को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा और आगामी



नवरात्र जैसे बड़े आयोजनों को भव्य रूप देना उनकी प्राथमिकता होगी। समिति के अन्य सदस्यों और पदाधिकारियों की घोषणा भी जल्द ही की जाएगी, जो सामूहिक रूप से मंदिर के सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। इस दौरान पुरानी बस्ती के गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने वीरांगना रानी अवंती बाई को दी श्रद्धांजलि

डिंडौरी ( स्वतंत्र मत)




वीरांगना रानी अवंती बाई बलिदान दिवस के अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने जिला मुख्यालय स्थित मुख्य बस स्टैंड परिसर में स्थापित वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने वीरांगना रानी अवंती बाई की समाधि स्थल ग्राम बालपुर में पहुंचकर समाधि स्थल एवं वीरांगना प्रतिमा पर भी फूलमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई का बलिदान देशभक्ति, साहस और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रानी अवंती बाई के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वीरांगना रानी अवंती बाई को नमन किया। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह के साथ आए डिंडौरी प्रवास पर्व विधायक श्री हाकम सिंह चड़ार, जीतेन्द्र ठाकुर, वीरेन्द्र पटेल, श्री संतोष दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, जनपद अध्यक्ष आशा सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू ब्योहार, जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जनपद सदस्य श्रीमती कीर्ति गुप्ता, पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती नरबदिया मरकाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीरा रुद्रेश परस्ते, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री राजेंद्र पाठक, उपाध्यक्ष महेश धूमकेती, भगीरथ उरैती, सुधीर दत्त तिवारी, पवन शर्मा, परसराम नागेश, रविदत्त राय, बद्री प्रसाद साहू, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, हीरेन्द्र, रीतेश जैन, रजनीश राय, स्मिता बर्मन, उपाध्यक्ष सारिका नायक, एवं पार्षदगण सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे साथ ही प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, डीएफओ अशोक सोलंकी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडोरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन, तहसीलदार रामप्रसाद मार्को, शशांक शेंडे, नगर पालिका सीएमओ अमित तिवारी एवं समस्त स्टॉफ सहित समस्त जिला अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कूलर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)



मोहनलाल सोनी पिता शंकरलाल सोनी निवासी वार्ड क्रमांक 17, राधा कृष्ण मंदिर के सामने धनपुरी द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि घर के सामने बरामदे से अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाटर कूलर चोरी कर लिया गया है, जिसकी कीमत लगभग 3000 रुपये है। प्राप्त रिपोर्ट पर थाना धनपुरी में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना धनपुरी पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों का बारीकी से अवलोकन किया गया, जिसके आधार पर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान अमीन खान पिता नूल अली उर्फ नूरा टेलर उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 02 माली मोहल्ला धनपुरी के रूप में की गई। धनपुरी पुलिस टीम द्वारा आरोपी अमीन खान पिता नूल अली उर्फ नूरा टेलर उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 02 माली मोहल्ला धनपुरी को दस्तयाब कर उसके कब्जे से चोरी गया वाटर कूलर, जिसकी कीमत करीब 3000 रुपये है, जप्त किया गया। उक्त आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# 1 अप्रैल को मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव, नवप्रवेशी छात्रों का होगा भव्य स्वागत

डिंडौरी ( स्वतंत्र मत)



नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ 1 अप्रैल को जिले के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेशोत्सव आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशी छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा, साथ ही उनके लिए विशेष भोज की भी व्यवस्था रहेगी। जिला शिक्षा केंद्र की जिला परियोजना समन्वयक श्रीमती श्वेता अग्रवाल ने बताया कि प्रवेशोत्सव के दिन शिक्षक नए विद्यार्थियों का स्वागत करेंगे, वहीं वरिष्ठ छात्र भी कनिष्ठ विद्यार्थियों को विद्यालय से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सभी छात्रों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में विशेष बाल सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अभिभावकों को विद्यार्थियों के नामांकन, उपस्थिति और कार्ययोजना की जानकारी दी जाएगी। साथ ही शासन के नवीन निर्देशों पर भी विस्तार से चर्चा होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक बच्चे का कक्षा पहली में नामांकन अनिवार्य किया गया है। निर्देश दिए गए हैं कि 30 सितंबर 2026 तक 6 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों का नामांकन मार्च माह में ही पूर्ण कर लिया जाए। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 एवं आंगनबाड़ी केंद्रों से संभावित विद्यार्थियों की सूची प्राप्त की जा रही है। सत्र 2025-26 में समग्र आईडी एवं यू-डाइस के आधार पर छात्रों की ट्रैकिंग कर कक्षोन्नति की गई है। इस प्रक्रिया में शाला से बाहर बच्चों का चिन्हांकन भी किया गया है। ऐसे बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी। छात्रावास भी 1 अप्रैल से शुरू जिले के छात्रावासों का संचालन भी 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा। आगामी सत्र 2026-27 में छात्रावासों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया लागू करने की तैयारी की जा रही है, जिसके दिशा-निर्देश जल्द जारी किए जाएंगे। साथ ही समग्र आईडी और यू-डाइस के माध्यम से छात्रों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

# गुनियाई, शराब और फर्जी केस! मौहारी के शिक्षक पर गंभीर आरोप, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

## ग्रामीणों ने कलेक्टर से की जांच और स्थानांतरण की मांग

डिंडौरी ( स्वतंत्र मत)



समनापुर जनपद अंतर्गत ग्राम मौहारी में पदस्थ एक शिक्षक पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्राम के सरपंच एवं पंचों द्वारा कलेक्टर को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि शिक्षक तुलीराम बघेल द्वारा झूठी रिपोर्ट दर्ज कराकर गांव के युवकों को पुलिस मामलों में फंसाया जा रहा है। आवेदन के अनुसार, तुलीराम बघेल पिता मूलचंद बघेल, जो कि माध्यमिक शाला मौहारी में शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं, ने गांव के 6 युवकों-संतोष, कमल यादव, शिवकुमार यादव, सोन सिंह, जगदीश और प्रेम सिंह-के खिलाफ थाना समनापुर में मारपीट का झूठा मामला दर्ज कराया है। ग्रामीणों का दावा है कि इनमें से एक युवक कमल यादव पिछले तीन वर्षों से केरल में कार्यरत है और घटना के समय गांव में मौजूद ही नहीं था, इसके बावजूद उसका नाम रिपोर्ट में शामिल किया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी संतोष नामक युवक के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर बिना समुचित जांच के चालान पेश कर दिया गया। मामले को लेकर गांव में दो बार पंचायत बुलाई गई, लेकिन आरोपित शिक्षक ने कोटवार के माध्यम से बुलाए जाने के बावजूद पंचायत में उपस्थित होने से इनकार कर दिया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित शिक्षक अक्सर शराब के नशे में स्कूल आते हैं और पढ़ाई के बजाय टोना-टोटका एवं झाड़-फूंक जैसे कार्यों में लिप्त रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, 26 जनवरी 2026 को घेवरी में नशे की हालत में उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जिसके बाद उसी घटना को आधार बनाकर निर्दोष युवकों पर झूठा मारपीट का मामला दर्ज कराया गया। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में भी इस तरह के झूठे आरोप लगाकर गांव के अन्य युवाओं को परेशान किया जा सकता है। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच गांव के पंचों एवं गवाहों की मौजूदगी में कराई जाए। साथ ही, ग्राम पंचायत मौहारी के सरपंच कमलवती सहित पंचों-महासिंह, लालाराम, शिवकुमार, मनीराम, मगर, बिहारीलाल, प्रभासिंह और सुनीता मरावी-ने सर्वसम्मति से शिक्षक तुलीराम बघेल का अन्य स्थान पर स्थानांतरण किए जाने की मांग की है, ताकि गांव में शांति और सौहार्द बना रहे। ग्रामीणों ने इस संबंध में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत भेजकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# सजदे में झुके सिर, मांगी अमन-चैन की दुआ

## धूमधाम से मनाया गया ईद-उल-फितर का पर्व

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

संस्कारधानी में ईद-उल फितर का पर्व हर्षोल्लास ,अमन ,चैन और अकीदत के साथ मनाया गया । शहर की तमाम ईदगाहों और मस्जिदों में धर्मावलंबियों दवरा नमाज अदा की गयी। एक माह चले कठिन रोजे के बावजूद लोंगो में उत्साह और जोश देखतने लायक रहा। रानीताल स्थित ईदगाह कला में मुख्य आयोजन हुआ, जहां मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी ने समाज को शिक्षा और घरेलू माहौल में सुधार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सभी को कठिन दौर से गुजरना पड़ रहा है, हमें सबसे पहले अपने मुल्क के बारे में सोचना चाहिए और उसकी तरक्की, अमन-चैन के लिए दुआ करनी चाहिए। ऐसे में पैगंबर ए इस्लाम की शिक्षाओं पर चलते हुए कुर्बानी के जज्बे को बरकरार रखना होगा। उन्होंने गरीबों व यतीमों की मदद में देरी न करने की हिदायत दी। साथ ही उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध उनके अपने मसले हैं, लेकिन हमें अपने देश में भाईचारा बनाए रखना चाहिए।



**रानीताल ईदगाह रही मुख्य केंद्र**-रानीताल ईदगाह में सुबह से ही नमाजियों का आना शुरू हो गया था। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। नमाज से पहले मौलाना मुशाहिद रजा कादरी ने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम दिलाने पर जोर दिया। शिक्षा का स्तर ऊंचा करना और घरों के भीतर का वातावरण सुधारना समय की जरूरत है। युवाओं को माता-पिता का आज्ञाकारी बनने और बुजुर्गों के अनुभवों से सीख लेने की सलाह दी। इसके बाद नायबे मुफ्ती ए आजम हजरत सूफी जियाऊल हक कादरी बुरहानी ने नमाज संपन्न कराई, जिसमें लगभग 50 हजार लोग शामिल हुए।

इसी प्रकार शहर की गढ़ा ईदगाह, गोहलपुर स्थित मोमिन ईदगाह सहित अन्य जगहों पर नमाज अदा कराई। नमाज के बाद दुआओं का दौर चला, जिसमें मुल्क की तरक्की, अमन और खुशहाली की कामना की गई। ईदगाह के बाहर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौलाना साहब और अन्य नमाजियों से गले मिलकर मुबारकबाद दी। सदर बाजार और गढ़ा जैसे क्षेत्रों में हिंदू धर्मावलंबियों ने मुस्लिम भाइयों का स्वागत किया और उन्हें गले लगाकर पर्व की बधाई दी। शहर की गंगा-जमुनी तहजीब का नजारा तब दिखा जब अलग-अलग धर्मों के लोग एक-दूसरे के घरों में सेवइयां खाने पहुंचे।



# जरा सी बारिश में धंस गई सड़क

### नर्मदा रोड़ पर री-स्टोरेशन का कार्य बना जानलेवा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अमृत जलम-2 के तहत शहर में बिछाई गई पाइप लाइन और उसके बाद सड़क का किया गया री-स्टोरेशन का कार्य जानलेवा बन गया है। पाइप लाइन बिछाने के बाद जनता की सुविधा की गरज से सड़क की पुराई कर आनन-फानन में तो डामरीकरण कर दिया गया, किंतु बीते दो दिनों गिरे पानी ने काम की लीपा-पोती की पोल खोल दी। कटंगा से ग्वारीघाट तक किए गए कार्य की हकीकत सामने आ गई। री-स्टोर की गई यह सड़क कई जगह 6 इंच तक बैठ गई। इसी तरह कांचघर चौक से पुल नंबर 2 के बीच के मार्ग में किचपिच मची हुई है। कल से लेकर आज तक कई वाहन सवार फिसलकर गिर चुके हैं। गुरुवार और शुक्रवार को मिलाकर अब तक मात्र आधा इंच से कम (12.2 मिलीमीटर) बारिश हुई है। इतनी कम बारिश में ही सड़क की यह दशा हो गई है। विशेषज्ञ बताते हैं कि सड़क के री-स्टोरेशन के लिए पानी भरपूर सिंचाई कर रोलर चलाकर मिट्टी को दबाया जाता है। यह प्रकिया कम से कम 6 से 7 बार की जाती है। उसके बाद हार्डमुरम और गिट्टी की पुराई के साथ फिर रोलर दबाकर सड़क को री-स्टोर किया जाता है, किंतु यहां सिर्फ एक बार यह प्रक्रिया की गई जिससे सड़क हल्की बारिश में ही धंसाव लेने लगी है।

## सक्रिय रहे पुलिस कप्तान



ईद-उल फितुर के मौक पर सम्पत उपाध्याय ने शहर में भ्रमण करते हुये ईद-उल-फितर पर्व पर लगाई गई चाक चौबंद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ओमती, लार्डगंज, गोहलपुर, हनुमानताल, बेलबाग क्षेत्र में भ्रमण कर लगाई गई चाक चौबंद व्यवस्था का जायजा लेते हुये मौके पर उपस्थित अधिकारियों एव कर्मचारियों की हौसला अफजाई करते हुये सभी को अच्छी ड्यिूटी के लिये बधाई दी। भ्रमण के दौरान आपने व्यवस्था में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को ड्यिूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

## अमन-चैन से मनाई गई ईद



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** एक माह के रोजों के बाद ईद-उल-फितर का पर्व शनिवार को सिहोरा व खितौला क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग नए वस्त्र पहनकर पहुंचे। नमाज के दौरान देश में अमन-चैन, शांति और तरक्की की दुआ मांगी गई। सिहोरा ईदगाह में हाफिज कारी सलीम, नूरी मस्जिद में हाफिज तौसीफ रज़ा और खितौला ईदगाह में मौलाना उस्मान साहब ने नमाज अदा कराई। उलेमाओं ने अपनी तकरीर में कहा कि सभी धर्मों के लोग आपस में भाई-भाई हैं और दिलों से नफरत मिटाकर प्रेम व सौहार्द बढ़ाना ही ईद का संदेश है। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान अलीमुद्दीन भाईजान, सादिक मंसूरी, शेख शहीद, नसीम कुरैशी, हाजी सुबराती, नसीम खान, एम. मंसूर आदि उपस्थित रहे।

## 25 मार्च से कामरेड रामशंकर रजक स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आयुध निर्माणी मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि ओएफके लेबर यूनियन द्वारा विगत् 26 वर्षों से कॉमरेड रामशंकर रजक की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होता आ रहा है। उसी तारतम्य में इस वर्ष भी इस रात्रिकालीन प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय ओलम्पिक ग्राउंड खमरिया में मुख्य अतिथि शैलेष वगेरवाल (मुख्य महाप्रबंधक आयुध निर्माणी खमरिया) द्वारा 25 मार्च दिन बुधवार को भव्य शुभारंभ किया जा रहा है। आयोजन समिति ने जबलपुर एवं आस-पास के सभी क्रिकेट क्लब की टीमों से इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी एवं प्रत्येक मैच 10-10 ओवर का होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रविष्टि फार्म यूनियन कार्यालय में उपलब्ध है। जिसकी अंतिम तिथि 24 मार्च है। यूनियन के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह एवं महामंत्री सुकेश दुबे ने सभी खेल प्रेमियों से इस आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है।

# विकास के नए द्वार खोलेगा जबलपुर-गोंदिया रेलवे दोहरीकरण कार्य: सांसद दुबे

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सांसद आशीष दुबे का शनिवार को करमचंद चौक स्थित प्रसिद्ध इंडियन कॉफी हाउस में भव्य सम्मान एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इंडियन कॉफी हाउस संस्था द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए सांसद आशीष दुबे ने इंडियन कॉफी हाउस की ऐतिहासिकता और शहर की संस्कृति में इसके



महत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था के विकास और कर्मचारियों के हितों के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।समारोह के दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने सांसद महोदय का पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। सांसद श्री दुबे ने इस अवसर पर धन्यवाद देते हुए कहा कि इंडियन काफी हाउस का संबंध जबलपुर से 68 वर्षों से रहा है और ये जबलपुर में हमारे परिवार के जैसे हैं। सांसद श्री दुबे ने बताया कि जबलपुर से गोंदिया रेलवे लाइन का दोहरीकरण होने से आने वाले समय में जबलपुर से दक्षिण का सीधा जुड़ाव होने जा रहा है और ये विकास के नए रास्ते खोलने का कार्य करेगा। सांसद श्री दुबे ने बताया कि जबलपुर गोंदिया रेलवे दोहरीकरण की 5236 करोड़ से अधिक की परियोजना के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं कर्मठ रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं क्योंकि उन्होंने जबलपुर की जनता के मर्म को समझा और स्वीकृति प्रदान करके विकास के नए आयाम खोलने का कार्य किया। आयोजन में के राजगोपालन (अध्यक्ष), एम. प्रकाशन (सचिव) वी.एम. बाबू (सीनियर जनरल मैनेजर) उपस्थित रहे।

# मातृ शक्तियों ने की मां चंद्रघंटा की आराधना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अधारताल स्थित राजपूत भवन में क्षेत्र एवं नगर की मातृ शक्तियों द्वारा एकत्रित होकर माँ चंद्रघंटा के साधना आराधना के पश्चात भव्य देवी गीत भजन कीर्तन (भगतें) का आयोजन किया गया। आयोजन के संबंध में माधुरी तिवारी ने बताया कि तीसरे दिन, माँ चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। उनका माथा आधा-चंद्रमा से सुशोभित है, जिससे उनका नाम पड़ा। वह दस भुजाओं वाली योद्धा देवी हैं, जो बुराईयों को नष्ट करने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। वह शक्ति और शांति का अद्भुत मिश्रण हैं, जो हमें जीवन में साहस और नम्रता दोनों रखने की सीख देती हैं। नवरात्रि में प्रत्येक व्यक्ति का मन



दैवीय चेतना भक्ति भाव में डूबा होना चाहिए जिससे इस नवरात्रि ही प्रत्येक साधकों, मनुष्यों को मां जगत जननी दुर्गा मैया की मिलती है, जैसे की एक शिशु को भी जन्म लेने में नौ महीने का समय लग जाता है। उसी प्रकार यह नौ दिन भी वैसे हैं, जैसे हम माँ के गर्भ से पुन: बाहर आ रहे हों, एक नए जन्म का समय। इन नौ दिन और रातों में हमें अपने भीतर जाकर अपने मूल का स्मरण करना चाहिए।

कार्यक्रम के पश्चात सभी भक्तजनों ने मां जगत जननी की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख माधुरी तिवारी, पंखुड़ी राजपूत, ममता राजपूत, सरिता विश्वकर्मा, माधुरी पटेल, विनीता विश्वकर्मा, आरती विश्वकर्मा, रश्मि सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेत्री ने सरेंडर को गिरफ्तारी बताने का लगाया आरोप

### इंदौर का चर्चित अक्षय हत्याकांड मामला, शहर से पकड़े गए आरोपी

**जबलपुर ( स्वतंत्र मत)।** इंदौर में हुई अक्षय शर्मा की हत्या के 3 आरोपियों को जबलपुर पुलिस की मदद से हाल ही में पकड़ा गया है। आरोपियों में से एक भाजपा नेत्री शिखा शर्मा का दमाद शशिकांत शर्मा भी है। इंदौर के बाणगंगा थाने की पुलिस आरोपियों को लेकर चली गई। इधर इस मामले में एक तरफ जहां भाजपा नेत्री ने आरोप लगाए है, कि उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है, बल्कि उन्होंने लार्डगंज थाने में जाकर सरेंडर किया है, तो वहीं शिखा शर्मा



के आरोपों को गलत बताया जा रहा है। दरअसल सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कि जबलपुर और इंदौर पुलिस राइट टाउन स्थित आदि प्लाजा से शशिकांत शर्मा को उस समय पकड़ रही है, जब वह आराम से रूम में बैठे हुए था। शिखा शर्मा का कहना है कि इंदौर में जिस अक्षय शर्मा की मौत हुई है, वह पॉक्सो का आरोपी था। जिसे कि पुलिस ने छिपाया है। जिन्हें हत्या का आरोपी बताया जा रहा है, वहीं लोग उन्हें थाने ले गए। पहले से ही वह बीमार था, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। शिखा शर्मा का कहना है कि उनकी बेटी को इंदौर से बुला लिया था। उन्होंने बताया कि हम अपने दमाद और उनके भाइयों को पुलिस के समक्ष सरेंडर करवाने के लिए यहां बुलाया और थाने ले गई। शिखा शर्मा का कहना था कि वह स्वयं तीनों को थाने ले गई थी। वहीं इस मामले को लेकर सीएसपी रितेश कुमार शिव का कहना है कि विगत दिनों इंदौर के बाणगंगा थाने से पुलिस टीम आई थी, जिन्होंने अक्षय शर्मा हत्याकांड के आरोपियों को पकड़ने के लिए मदद मांगी थी। पुलिस को सूचना मिली की शशिकांत अपनी ससुराल में छिपा हुआ है। पुलिस की टीम ने जब उनके घर में जाकर दबिश दी तो वहां पर शशिकांत मिल गया।

## पालतू कुत्ते ने किया मासूम को लहूलुहान

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत लोली मोहल्ला में एक पालतू कुत्ते के हिंसक हमले ने 11 साल के बच्चे को बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। यह घटना तब हुई जब बालक अपनी दादी के साथ मंदिर जा रहा था। लापरवाही बरतने पर कुत्ते के मालिक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। लोली मोहल्ला स्थित छोटी खेरमाई के पीछे रहने वाला 11 वर्षीय बालक ओम गिराये अपनी दादी राधा बाई के साथ मंदिर जा रहा था। रास्ते में प्रियांशु नामक व्यक्ति के घर के समीप भीम के पालतू कुत्ते ने अचानक उस पर हमला बोल दिया।

## संगीत संध्या में सुरों की शानदार प्रस्तुति



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्वर परिंदे म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित संगीतमय कार्यक्रम ऐ ज़िन्दगी गले लगा ले का आयोजन शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत गुरु प्रकाश वेरुलकर एवं रमेश पुरी गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन संस्था के अध्यक्ष पुष्कल शर्मा एवं परमजीत सिंह चीनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रतिभाशाली गायक-गायिकाओं ने अपनी सधी हुई एवं मधुर गायकी से उपस्थित संगीत प्रेमी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# फसलों को भारी नुकसान, किसानों ने लगाई मदद की गुहार

### 2 दिन हुई अचानक बारिश से मचा हाहाकार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

लगातार 2 दिनों में हुई तेज बारिश से जिले के कई किसानों को काफी क्षति हुई है। गेंहू, चना और मक्का की फसल को नुकसान पहुंचा है। इधर जिले के पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। मौसम के इस बदलाव ने जहां आम जन को गर्मी से राहत दी है, वहीं गेहूं और चने की तैयार फसलों को नुकसान पहुंचा है। जबलपुर में गुरुवार की रात के बाद शुक्रवार को सुबह और फिर रात में तेज बारिश से सड़कें तर-बतर हो गईं। रुक-रुककर हल्की बारिश का सिलसिला रात भर जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना है।



### कई क्षेत्रों में ब्लैकआउट

रात में तेज हवा व गरज-चमक के साथ हुई वर्षा के दौरान आधे शहर की बिजली गुल हो गई। घमापुर, करमेता, माढ़ोताल, रांझी, कांचघर सहित अन्य क्षेत्रों में ब्लैकआउट की स्थिति रही। करमेता और माढ़ोताल क्षेत्र में तो सुबह पौने 10 बजे तक बिजली गुल रही। नागरिक परेशान होते रहे। शुक्रवार की रात भी बादलों की गड़गड़ाहट और छिटपुट वर्षा से शहर के कई हिस्सों में बिजली गुल रही, अंधेरा पसरा रहा।

### तेजी से गिरा पारा

बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। दिन का अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री, सेल्सियस वहीं न्यूनतम तापमान भी 14.7पर आ गया। इससे सुबह से वातावरण में ठंडक घुली रही।

### फसलों में नुकसान होने की आंशका

जनेकृवि के प्रोफेसर के अनुसार खेतों में नमी बढ़ने से गेहूं की पकी फसल जमीन पर गिर गई है, इससे दानों की गुणवत्ता खराब होने और फफूंद लगने की आशंका है। इसका सीधा असर गेहूं, चना और मूंग की उपज व चमक पर पड़ेगा। बारिश के कारण कटाई कार्य भी पिछड़ जाएगा।

## बालाजी मंदिर में रामनवमीं महोत्सव की शुरूआत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बालाजी मंदिर में दक्षिण भारतीय भजन सभा व कांची कामकोटि पीठ के द्वारा भक्ति नृत्य संगीत के साथ रामनवमी महोत्सव आयोजन की शुरूआत हुई। इस अवसर पर दक्षिण भारतीय शैली में कत्थक भारत नाट्यम के भक्ति नृत्य संगीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम सुभाषिनी अय्यर की गणेश वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। जय कुमार अय्यर व इंदिरा वर्धाराजन के भजनों ने भक्ति रस सराबोर कर दिया। सीता स्वयंवर व गिरी नंदिनी पर समृद्धि व सुजाता गोविंद ने भरतनाट्यम के द्वारा सीता स्वयंवर प्रस्तुत किया देवकृति ने हनुमान



चालीसा भरतनाट्यम में प्रस्तुत किया। समृद्धि जमुना अन्य ने भारतीय दक्षिण शैली में महाभारत हुआ रामचंद्र विवाह का प्रस्तुतीकरण किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में दक्षिण भारतीय भजन सभा एवं कांची कामकोटि के सदस्य उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T. No. /PWD-16/PRO No. 995 — **चर्तुथ सूचना** — Date 21/3/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | T.ID-2026_UAD_485611_1 Date 24/3/2026 | संभाग क्र. 16 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अंतर्गत मरहूम निजाम होटल से राजू टेंट तक सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। (निगम मद) | 3 माह<br>7.31 लाख | 2000/-<br>7315/- | 30/3/2026 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

संभागीय यंत्री (लोककर्म) कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम, जबलपुर

# पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा : मनोकामना की पूजा बनी हादसे की वजह, हनुमान प्रतिमा जलने में न साजिश न तंत्र-मंत्र







बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

श्रद्धा और अंधविश्वास के बीच की बारीक रेखा जब टूटती है, तो परिणाम कभी-कभी हृदय विदारक होते हैं। कटंगी के ग्राम जाम स्थित सुप्रसिद्ध जामेश्वर मंदिर में हनुमान प्रतिमा के झुलसने की घटना ने न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत किया, बल्कि यह भी सिखाया कि अनजाने में की गई चूक कितनी भारी पड़ सकती है। बालाघाट पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दोपहर 1 बजे क़रीब प्रेस वार्ता आयोजित कर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने खुलासा किया है।

दरअसल, गत 16-17 मार्च की दरमियान रात्रि कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जाम के प्राचीन जामेश्वर मंदिर स्थित हनुमान प्रतिमा में आग लगने की घटना सामने आई थी। जिसके बाद कटंगी पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। वहीं धर्म प्रेमियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कटंगी नगर में 20 मार्च को बंद का आव्हान किया गया और इसी बंद को लेकर हाइवे मार्ग पर बंद करने वाले पर कटंगी पुलिस ने दो नामजद व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने खुलासा करते हुए कहा कि हनुमान प्रतिमा में आग लगने की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ सामग्री व साक्ष्य बरामद किया गया। जिसमें पता चला कि आनंद चौधरी, कालीमटी निवासी और विनोद डहरवाल पिपरवानी निवासी दोनों ही व्यक्ति सरकारी नौकरी में हैं। चित्रकूट के एक पंडित ने बताया था कि सिद्ध मंदिर में भगवान हनुमान के समक्ष शनिवार और मंगलवार की रात्रि में डेढ़ डेढ़ किलो घी के दो दीप प्रज्वलित करने से मनोकामना पूरी होंगी। उसी आधार से दोनों ने संतान प्राप्ति, बच्चों की पढ़ाई और सुख समृद्धि के लिए सिद्ध हनुमान मंदिर को चुना और फिर अमावस्या की रात्रि 11 से 12 बजे के बीच में भगवान हनुमान जी के समक्ष घी के दिए से पूजा अर्चना की और पीछे मूड कर नहीं देखें, दुर्भाग्यवश, उन्हीं दीपों की लौ से हनुमान जी के चोले में आग लग गई और देखते ही देखते प्राचीन प्रतिमा झुलस गई।

यह घटना किसी आपराधिक साजिश का हिस्सा नहीं थीं, बल्कि अति-उत्साही आस्था का परिणाम थी। पुलिस जाँच में स्पष्ट हुआ है कि दोनों व्यक्तियों की मंशा धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की कतई नहीं थी। कटंगी थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है वह कोर्ट में पेश कर घटना को सिद्ध किया जाएगा, की इसमें कोई भी आरोपी नहीं हैं।

# जंगल महुआ बीनने गए व्यक्ति का बाघ ने किया शिकार

## वन विकास निगम लिमिटेड लामता परियोजना लालबर्रा के जंगल की घटना



बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

वन विकास निगम लिमिटेड लामता परियोजना लालबर्रा के 426 अंतरा बीट के जंगल में महुआ बीनने गए एक व्यक्ति का बाघ ने शिकार कर लिया। बाघ ने शरीर के नीचे वाले आधे हिस्से को पूरी तरह से खा गया। मृतक की पहचान अशोक पिता प्रेमलाल उइके 48 वर्ष ग्राम अंखीवाड़ा थाना बरघाट जिला सिवनी निवासी के रूप में की गई। शव बरामद कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

जानकारी अनुसार, शुक्रवार को अशोक उइके रोजाना की तरह अलसुबह घर से अंतरा के जंगल में महुआ बीनने के लिए अकेला गया था, लेकिन वह देर शाम तक भी घर नहीं लौटा। शाम हो जाने की वजह से परिजनों ने खोजबीन नहीं किए। शनिवार को जंगल में खोजने गए थे तो महुआ के पेड़ के नीचे शरीर का आधा हिस्सा मिला। साथ ही समीप ही महुआ की टोकरी पड़ी थी और बाघ भी पेड़ समीप ही बैठा दिखा तो परिजन अपनी जान बचाकर भाग आए। जिसकी सूचना गांव में आकर दी गई।

**परिजनों को दी 20 हजार की सहायता राशि** - सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि लालबर्रा क्षेत्र का जंगल सिवनी जिले की सीमा से लगा हैं। ग्राम अंखिवीड़ा निवासी अशोक उइके महुआ बीनने जंगल गया था। जिसका बाघ ने शिकार कर शरीर के आधे हिस्से को खा गया। परिजनों को आर्थिक तौर पर अभी 20 हजार रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की गई है। शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल बालाघाट में कराकर परिजनों को सौंपा। शेष आवश्यक कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की जाएगी।

### इनका कहना हैं

ग्राम अंखिवीड़ा का एक व्यक्ति अंतरा के जंगल में महुआ बीनने गया था। तभी उसका बाघ ने शिकार कर आधा हिस्सा खा गया। परिजन को आर्थिक तौर पर 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए है। मामले में आगे कार्रवाई की जा रही है। वहीं ग्रामीणों से अपील हैं कि जंगल की ओर अकेले ना जाए करें और सावधानी बरते।

**विजय कुमरे, वन परिक्षेत्र अधिकारी लालबर्रा**

# ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की गई ईद की नमाज



**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** सेवईयों में लिपटी मोहब्बत की मिठास का नाम है ईदउल फितर ,एक माह तक रोजा रख एक अल्लाह की इबादत करने वाले रोजेदारों को अल्लाह का इनाम है ईदउल फितर। ईदउल फितर का यह त्यौहार ना सिर्फ इस्लाम धर्म के सच्चे मायने को बताता है बल्कि यह त्यौहार देश की एकता, अखंडता व आपसी भाईचारे का भी एक बड़ा प्रतीक माना गया है ।ईदउल फितर का यहां त्यौहार शनिवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा धार्मिक मान्यता के अनुरूप मनाया गया।

### ईदगाहो और मस्जिदों में अदा की गई ईद की नमाज

शनिवार 21 मार्च को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों की विभिन्न ईदगाह और मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा ईद उल फितर की नमाज अदा की गई ।जहां ईद के खुदबे के साथ इमाम ने ईद उल फितर की नमाज पढ़ाई, वही सामूहिक रूप से दुआएं मांगी गई। जिसके तुरंत बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद पेश की। नगर में जामिआ नूरिया मदरसा सहित अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई ,तो वही ईद की नमाज पुलिस लाइन मैदान स्थित ईदगाह में सामूहिक रूप से अदा कराई गई। नगर केवार्ड नंबर 10 रजा नगर स्थित जामिआ नूरिया मदरसा में मौलाना आफताब साहब, तो वही पुलिस लाइन स्थित ईदगाह में हाफिजों कारी मौलाना समशिर ए हक मिस्बाइल साहब,ने ईद की नमाज प?ाई ।जहां मुस्लिम धर्मावलंबियों का भारी जन सैलाब देखने को मिला ।सभी ने ईदगाह और जामिया नूरिया मदरसे में पहुँचकर सामाजिक बन्धुओ से मुलाकात कर उन्हें ईद की बधाइयां दी। जिसके उपरांत सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों ने एक दूसरे से मुलाकात कर मीठी सेवईयो का आनंद लिया। वही पर्व विशेष की बधाइयां दी। जहां बधाईयो का यह दौर सुबह से लेकर देर रात तक देखा गया ।

# एक-दूसरे को गले लगाकर दी मुबारकबाद-ईदगाह में पढ़ी गई ईद की नमाज

कटंगी(स्वतंत्र मत)।

रमजान के पाक महीने के समापन पर मनाया जाने वाले ईद-उल-फितर का मुस्लिम त्योहार 21 फरवरी दिन शनिवार को पूरे क्षेत्र में बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। तय समय यानी सुबह सवा 09 बजे ईदगाह में ईद की नमाज अदा की गई। कटंगी, तिरोड़ी, महकेपार, जराहमोहगांव के ईदगाह में ईद-उल-फितर की विशेष नमाज अदा की गई। जिसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की दिली मुबारकबाद दी। कटंगी के ईदगाह में वरिष्ट समाजसेवी विजय सिंह सरस्वार, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीरज हीरावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, प्रियांश राउत, सोनू राहंगडाले, प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार राकेश प्रजापति, पटवारी और



पुलिस ने पहुंचकर मुस्लिम भाईयों को गले लगाकर ईद की बधाई दी। मुस्लिम भाईयों ने हिंदू भाईयों को घर पर सेवई की दावत का न्योता दिया। ईदगाह से मौलाना ने सादगी से ईद मनाने और अमन-चैन के लिए दुआ करने की अपील की। यह पर्व चारों तरफ भाईचारा और इंसानियत लेकर आए इन दुआओं के साथ मुस्लिम देश जहां इन दिनों युद्ध चल रहा है। वहां के हुक्मरानों से इस पर रोक लगाने की गुजारिश की गई। यह त्योहार आपसी भाईचारे, दान (जकात और फितरा) और जरूरतमंदों की मदद का प्रतीक है। जिसके चलते ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने आए दीनों को दान किया। सोशल मीडिया के जरिए भी लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते रहे।

ईद के त्योहार को लेकर छोटे-छोटे बच्चों में बेहद उत्साह नजर आया। वह नए-नए कपड़े पहनकर बड़ी संख्या में ईदगाह पहुंचे और अपने हम उम्र के साथियों को ईद की मुबारकबाद देते नजर आए।

कटंगी में ईद के इस खास मौके पर शांति और भाईचारे का संदेश फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। आस्था और एकता का यह पर्व सभी धर्मों के लोगों को एक साथ ला सकता है। यह संदेश देने के लिए हिंदू भाई-मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर खुशियाँ बांटते दिखाई दिए। जिसके चलते यह त्योहार सौहार्द का प्रतीक बन गया। ईद का जश्न न केवल मुस्लिमों के लिए, बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए खुशियों का संदेश देकर गया।

# वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक के साथ ही निर्वाचन प्रारंभ

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मां शारदा मंदिर पुराना बस स्टैंड उमरिया में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक के साथ-साथ निर्वाचन अधिकारी राम नरेश तिवारी जिला स्काउट गाइड शहडोल एव प्रांतीय कार्यकारी उपाध्यक्ष की उपस्थिति में निर्वाचन कार्य प्रारंभ हुआ, जिसमें जिले की सभी सदस्य एवं पदाधिकारी की उपस्थिति में निर्वाचन प्रारंभ हुआ जिसमें बृजभान प्रसाद मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारा नामांकन प्रस्तुत किया इनके अलावा कोई दूसरा कैंडिडेट अभ्यर्थी द्वारा जिला अध्यक्ष का नामांकन प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे सर्वसम्मति से बृजभान मिश्रा जिला अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए जिसमें सर्व श्री गेंदन सिंह गहरवार रिटायर तहसीलदार जलेबी लाल विश्वकर्मा वृंदावन द्विवेदी



छोटेलाल वर्मा प्रेमलाल राय आशुतोष श्रीवास्तव रामलाल अग्रवाल शिवमंगल सिंह शिव लाल सेन विश्वनाथ साहू बसंत वर्मा चंद्रभान सेन बृजभान सिंह चौहान नरेंद्र पांडे दयाराम रविदास मुरातध्वज सिंह आदि उपस्थित रहे।

निर्वाचन अधिकारी राम नरेश तिवारी द्वारा करकेली विकासखंड की ब्लॉक अध्यक्ष पद पर भी निर्वाचन कराया गया सर्व सम्मति से मोरध्वज सिंह ब्लॉक अध्यक्ष की पथ पर निर्वाचित घोषित किया गया निश्चित ही जिला कार्यकारिणी एवं विकास खंड कार्यकारिणी दोनों मिलकर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन को नई दिशा देकर संगठन में मजबूती आवेगी अत: सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा बृजभान प्रसाद मिश्रा जिला अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा उमरिया एवं करकेली ब्लाक अध्यक्ष मोरध्वज सिंह को निर्वाचित किया गया। सभी पदाधिकारी द्वारा निर्वाचित अध्यक्षों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# करोड़ों की नल-जल योजना ठप..!

## वर्षों बाद भी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

## आखिर कब मिलेगा शुद्ध पेयजल?

**मानपुर (स्वतंत्र मत)।** मानपुर क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से संचालित की जा रही नल-जल योजना आज भी धरातल पर पूरी तरह फेल साबित हो रही है.! सरकार की मंशा थी कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचे, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। कई गांव ऐसे हैं जहां पाइपलाइन तो बिछ गई, टंकियां भी खड़ी हो गईं, लेकिन आज तक नल से पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी। ग्राम उरदना, लखनऊटी, कुठूलिया, पटेरा, छपडौर, नौगमा, सेहरा, बघडो और कटहार जैसे दर्जनों गांव आज भी इस योजना के लाभ से वंचित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि योजना की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की गई थी, लेकिन अब यह सिर्फ कागजों और अधूरे ढांचों तक सिमट कर रह गई है।

**ग्रामीणों की पीड़ा** - गांवों में रहने वाले लोग आज भी कुओं, हैंडपंपों और नदी-नालों के भरोसे



हैं। गर्मी के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं, जब पानी के लिए कई किलोमीटर तक भटकना पड़ता है। महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायतें की गईं, जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। लोगों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि जब योजना पर करोड़ों रुपये खर्च हो चुके हैं, तो फिर पानी क्यों नहीं पहुंच पा रहा।

**अधूरे काम और लापरवाही** - स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई जगह पाइपलाइन अधूरी पड़ी है, तो कहीं मोटर और टंकी होने के बावजूद कनेक्शन नहीं दिए गए। कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। यह भी आरोप है कि ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते योजना समय पर पूरी नहीं हो सकी।

**सरकारी दावे बनाम हकीकत** - एक ओर सरकार हर घर नल, हर घर जल का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है। योजना के प्रचार-प्रसार में करोड़ों खर्च किए गए, लेकिन जिनके लिए यह योजना बनाई गई थी, वे आज भी प्यासे हैं।

**जनता का सवाल** - अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर क्षेत्र की जनता को शुद्ध पेयजल कब मिलेगा? क्या जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देंगे या फिर यह योजना भी अन्य योजनाओं की तरह सिर्फ कागजों में ही सीमित रह जाएगी?

**मांग** - ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नल-जल योजना को चालू किया जाए, अधूरे कार्य पूरे किए जाएं और दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# ईद और नवरात्र के अवसर पर जिला जेल में कार्यक्रम आयोजित

**उमरिया।** जेल अधीक्षक डी0के0 सारस ने बताया कि हिंदू नववर्ष एवं ईद-उल-फितर के अवसर पर बंदियों में आपसी भाईचारा एवं प्रेम भावना को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक मो0 असलम शेर एवं संयोजक राजेंद्र कोल एवं मो0 अल्ताफ, कृष्णकांत तिवारी, आकाश पंडित जेल में नवरात्रि एवं रमजान के व्रत के अवसर पर संगठन के सदस्यों के द्वारा



जेल में अनुशासन में रहने तथा अच्छा जीवन जीने के लिए प्रेरणा देते हुये व्रत रखने वाले एवं अन्य बंदियों को फल प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित कर सभी को शुभकामनाएं दी गई। जेल से रिहा होकर अपने घर परिवार में अच्छा आचरण रखकर समाज में अपना अच्छा स्थान बनाने के लिए जेल में संचालित स्वरोजगार प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक डी. के. सारस तथा जेलर ध् उप अधीक्षक माखन सिंह माकों एवं प्रमुख मुख्य प्रहरी शिवशंकर कोल, मो. शारिब एवं रमन विश्वकर्मा तथा जेल के ड्यूटीरत समस्त अधिकारी, कर्मचारी, प्रहरी उपस्थित रहे।

# एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए किया जा रहा जागरूक

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही.एस चंदेल ने बताया कि ग्राम नौगांव विकासखंड मानपुर की किशोरियों और ग्राम जन को साथिया ब्रिगेड बैठक एवं रैली के माध्यम से जागरूक किया गया। इस गतिविधि में आरकेएस के प्रशिक्षक पूजा पाण्डेय, हर्ष कुमार पाण्डेय, आशा. प्रभा पटेल, उर्मिला पटेल, के साथ साथिया अंजुम पटेल, आकांक्षा पटेल विकास पटेल तथा ग्राम की किशोरिया उपस्थित रही। जागरूकता के दौरान बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष तीन माह तक कि किशोरी बालिका को एचपीवी का टीका निशुल्क लगाया जा रहा है। इसलिए आवश्यक है कि सभी पात्र बच्चियां टीकाकरण कराएं।

# जल गंगा संवर्धन पर पाली के सगरा तालाब में किया गया दीपदान

## रंगोली बनाकर दिया गया जल संरक्षण का संदेश

उमरिया (स्वतंत्रमत)

19 मार्च 2026 से शुरू हुए श्जल गंगा संवर्धन अभियानश्की शुरुआत हो गयी है। जिसको लेकर उमरिया जिले में नगर पालिका परिषद पाली मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद सिंह के निर्देशन में ऐतिहासिक सगरा तालाब पर की गई।

पाली जन अभियान परिषद के साथ सम्मलित होकर कार्यक्रम में एक हजार दीपो को जलाकर दीपदान कर जल गंगा संवर्धन की शुरुआत जल को बचाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया। जल है तो कल है जल को संरक्षित करना हम सबका का प्रथम दायित्व है।

नगर पालिका परिषद पाली की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान जी ने बताया कि यह अभियान



राज्य भर में तालाबों, नदियों और बावड़ियों को साफ करने व जल संचय के प्रति लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।जन अभियान परिषद ने इस अभियान के माध्यम से जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और जनभागीदारी बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

इसी उदेश्य के कार्यक्रमों में प्रभातफेरी, जल संरक्षण पर संगोष्ठी, दीवार लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताएं भी शामिल हैं, जिनका उद्देश्य जल संरक्षण को एक जन आंदोलन बनाना है। इस दौरान मुख्य रूप से अभियान के तहत जलाशयों को नया जीवन दान प्रदान किया जाएगा साथ ही जल संवर्धन जल संरक्षण को बढ़ावा देकर नवाचार किया जाएगा। साथ ही सगरा तालाब में सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से नागरिको को जल संरक्षण स्वच्छता, एवं पाली के ऐतिहासिक महत्व को बताया जा रहा है।

आयोजन के शुभारंभ अवसर पर बीजेपी जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल बीजेपी नेता प्रकाश पालीवाल नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला प्रधान बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप पांडेय कांग्रेस नेता संजीव खंडेलवाल, प्रमिला जगवानी, घनश्याम कुशवाहा, सोना सिंह, भरत प्रजापति, अंजू पटेल, बलराम प्रजापति शहीद अहमद इंजीनियर विपिन कुमार विश्वकर्मा जनअभियान ब्लॉक समन्वयक पुष्पा टेकाम,नवांकुर समिति अध्यक्ष श्रीमती माया उपाध्याय,श्रीमती अनीता सिंह,पुष्पेंद्र सिंह,कृष्ना विश्वकर्मा, प्रवीण तिवारी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया दीवार लेखन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व्दारा 19 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया है। अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने अधिकारियों,कर्मचारियों, स्वयं सेवी संस्थाओ, समाजसेवियो, गणमान्य नागरिकों,जन अभियान परिषद से आव्हान किया है कि जल कि एक एक बूंद को संरक्षित करने के लिए सभी जन अपनी सहभागिता दर्ज कराएं,ताकि संरक्षित किया हुआ जल हमारी भावी पीढ़ी के काम आ सके। इसी तारतम्य में जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत कौड़िया एवं सलैया 13 में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत व्यास धाम सेवा समिति के द्वारा दीवार लेखन एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया। ततपश्चात जल को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।


**कार्यालय नगर परिषद मानपुर जिला-उमरिया (म.प्र.)**

क्रमांक/3645/न.परि./2026 — मानपुर, दिनांक 18/3/2026

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट http://gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | GEM/2026/B/7361907 | Octagonal Pole (V2) (Q3) | 3.4.2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://gem.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**मानपुर, जिला-उमरिया (म.प्र.)**

# सीएमएचओ कार्यालय में अधिकारी के संरक्षण में मनमाना राज, जिम्मेदार ही जिम्मेदारी से गायब तो व्यवस्था बीमार

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी श्रीमति धरित्रि जे.मोहन्ती ने जब से स्वास्थ्य व्यवस्था की कमान संभाली है तभी से पूरी व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। कागजों में भले ही ईनाम मिल रहे हैं लेकिन हकीकत किसी से छुपी नही है। दवाई घोटाला तो खरीदी घोटाला तो भर्ती घोटाला भी चर्चा में बना हुआ है वहीं अधिकारी के संरक्षण में कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं न तो समय पर कार्यालय आ रहे हैं और न ही समय पर काम काज को निपटा रहे हैं। सरकारी दफ्तरों में अनुशासन और समयबद्ध कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश सरकार भले ही सख्त नजर आ रही हो लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। मंडला के सीएमएचओ कार्यालय यानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दफ्तर की तस्वीर कुछ ऐसी सामने आई है जो न सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है बल्कि आम जनता के भरोसे को भी कमजोर करती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी सरकारी कर्मचारी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। लेकिन मंडला के सीएचओ कार्यालय में इन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं। हकीकत जानने के लिए मौके पर जायजा लिया गया तो वहां का नजारा चौंकाने वाला था। पूरे कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था। जहां दर्जनों कर्मचारी और अधिकारी मौजूद होने चाहिए थे वहां केवल एक दो कर्मचारी ही समय पर दिखाई दिए। बाकी सभी कुर्सियां खाली पड़ी थीं। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि खुद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) मैडम भी अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थीं। एक तरफ जहां आम जनता अपने स्वास्थ्य संबंधी कार्यों के लिए घंटों इंतजार करती है वहीं जिम्मेदार अधिकारी अपनी कुर्सी से नदारद मिलते हैं। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि सरकारी दफ्तरों में समय पर उपस्थिति अनिवार्य है ताकि आम नागरिकों को समय पर सेवाएं मिल सकें। लेकिन मंडला में इन आदेशों का पालन होते कहीं नजर नहीं आ रहा। यह सवाल उठना लाजमी है कि जब मुख्यमंत्री के निर्देशों को ही अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे तो फिर आम कर्मचारियों से अनुशासन की उम्मीद कैसे की जा सकती है क्या मंडला प्रशासन में आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं जब इस पूरे मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कर्मचारियों का पक्ष लेते हुए कहा कि कर्मचारी और बाबू फील्ड में रहते हैं जरूरी नहीं कि सभी कार्यालय में ही मौजूद रहें। अगर कर्मचारी फील्ड में हैं तो उसका रिकॉर्ड कहां है। क्या किसी प्रकार की उपस्थिति रजिस्टर या मॉनिटरिंग सिस्टम मौजूद है और सबसे अहम सवाल क्या पूरे कार्यालय का एक साथ फील्ड में होना संभव है यह जवाब कहीं न कहीं जिम्मेदारी से बचने और लापरवाही को छिपाने की कोशिश ज्यादा लगता है। सीएमएचओ कार्यालय स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र होता है जहां से पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था संचालित होती है। लेकिन जब यही कार्यालय लापरवाही और मनमानी का अड्डा बन जाए तो इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ता है। लोग अपने जरूरी कामों के लिए दफ्तर पहुंचते हैं लेकिन वहां उन्हें अधिकारी नहीं मिलते। घंटों इंतजार के बाद भी काम नहीं होता और अंततः निराश होकर लौटना पड़ता है। यह स्थिति न केवल समय की बर्बादी है बल्कि सरकारी सिस्टम पर अविश्वास भी पैदा करती है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ी समस्या जवाबदेही की कमी है। न तो समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कोई सख्त निगरानी है और न ही अनुपस्थित रहने पर कोई कार्रवाई होती दिखाई देती है। जब अधिकारी ही नियमों का पालन नहीं करेंगे तो कर्मचारियों पर अनुशासन कैसे लागू होगा यह सवाल अब प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस मामले को लेकर जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार क्या रुख अपनाती है। क्या सीएमएचओ कार्यालय की इस लापरवाही पर कोई सख्त कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा मंडला के इस हालात ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि आदेश जारी करना ही काफी नहीं होता उनका पालन सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है।





## श्री सत्य साई रथयात्रा पहुंची मंडला



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अपने सेवा कार्यो से सम्पूर्ण विश्व में मानव सेवा ही माधव सेवा का संदेश देने वाले श्री सत्य साई बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव वर्ष पर दिव्य प्रेमवाहिनी रथ का श्री सत्य साई सेवा समिति महाराजपुर में आगमन हुआ। समस्त साई भक्तों ने स्वामी के दिव्य रथ एवं चरणों का रॉयल मैरिज गार्डन में स्वागत किया। सत्य साई संगठन के जिला अध्यक्ष मनीष वासल ने बताया कि स्वामी जी का दिव्य प्रेम प्रावाहिनी रथ बम्हनी से महाराजपुर पहुंचा इस सुंदर रथ पर स्वामी जी की चरण पादुका है जिसका दर्शन करने का सौभाग्य मिला। जगह जगह पुष्प माला अर्पित किये गए ।मधुर स्वर में स्वामी के भजन ने सारा वातावरण भक्तिमय बना दिया। ढ़ोल नगाड़ों के साथ बालविकास के बच्चों ने गरवा नृत्य भी किया। मण्डला जिले में दर्शन स्पर्शम एंव भ्रमण के 7 दिवसीय यात्रा के पश्चात नम आंखों से जिला घंसौर समिति के लिए विदा किया गया। श्री सत्य साई संगठन ने इस अनुपम यात्रा में सहभागी बनने और भगवान के दर्शन स्पर्शम का सहभागी बनने के लिए सभी समितियों एवं भक्तों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया है।

## नौवीं रैंक में उत्तीर्ण हुए अमित



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** ग्राम खड़देवरा के सुरेंद्र सिंह एवं श्रीमती प्रतिमा ठाकुर के पुत्र अमित सिंह ठाकुर ने अपने परिवार क्षेत्र व जिले को गौरवान्वित करते हुए ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट वन इंजीनियरिंग गेट परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर में नौवें स्थान पर उत्तीर्ण हुए हैं। कृषक परिवार के अमित ठाकुर ने 785/1000 स्कोर अर्जित कर यह परीक्षा उत्तीर्ण की है उनकी इस सफलता पर परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। बताया जा रहा है कि अमित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव और आसपास के क्षेत्र में ही पूरी की। इसके बाद उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान ही गेट परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने नियमित अध्ययन, आत्मअनुशासन और सही रणनीति के साथ तैयारी की जिसका परिणाम आज पूरे देश में उनकी इस शानदार रैंक के रूप में सामने आया है।

## हार्वेस्टर मालिकों की बैठक संपन्न

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिला योजना भवन में रबी सीजन में गेहूं फसल की कटाई उपरांत नरवाई प्रबंधन के संबंध में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने जिले में संचालित हार्वेस्टर मालिकों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में फसल अवशेष प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर आवश्यक निर्देश दिए। हार्वेस्टर संचालकों को निर्देशित किया कि गेहूं कटाई के दौरान कम्बाइन हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम एस.एम.एस. अनिवार्य रूप से लगाया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के कम्बाइन हार्वेस्टर से फसल कटाई करना प्रतिबंधित किया गया है। संचालकों ने बताया कि स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के साथ कटाई करने पर खर्च बढ़ जाता है

## नरवाई प्रबंधन पर दी जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** ग्राम पंचायत परसवाड़ा एवं पिपरिया में नरवाई प्रबंधन जागरूकता अभियान के तहत किसानों के साथ चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को फसल अवशेष नरवाई के सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था।

## बुजुर्ग की हत्या के आरोपी गिरफ्तार



**मण्डला/नारायणगंज (स्वतंत्र मत)।**

थाना टिकरिया अंतर्गत ग्राम हर्राटीकुर में 19मार्च को रात्रि लगभग 9:30 बजे घरेलू विवाद के दौरान एक व्यक्ति की हत्या की घटना घटित हुई। प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी द्वारा अपने रिश्ते के दादा मुन्नालाल कुलस्ते निवासी हर्राटीकुर के साथ मारपीट की गई जिससे उनके गुप्तांग में गंभीर चोट पहुंची और उनकी मृत्यु हो गई। उक्त घटना पर थाना टिकरिया पुलिस द्वारा 20 मार्च को अपराध बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी सुमित पिता गुल्ले सिंह कुलस्ते, उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम हर्राटीकुर थाना टिकरिया को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया तथा विधिसम्मत कार्यवाही उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडे, उनि पंकज बिष्ट, सउनि नारायण ताराम, प्रआ. अभिषेक मिश्रा, शिवकुमार मरावी, पीयूष यादव, आरक्षक प्रकाश जंघेला एवं दीपक द्विवेदी द्वारा उक्त कार्यवाही की गई।

## चिया खेती से किसानों को नया अवसर




**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिले में चिया की खेती को बढ़ावा देने के लिए आत्मा परियोजना किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा 2000 एकड़ में फसल विविधीकरण का काम किया जा रहा है। विकासखंड नारायणगंज के बम्हनी गांव के किसानों ने 10 एकड़ में चिया फसल लगायी है। किसानों ने प्राकृतिक खेती के तहत चिया फसल में प्राकृतिक खाद का प्रयोग किया है। किसान तीरथ उईके और अन्य किसानों ने मिलकर इस फसल को लगाया है। कृषि सखी श्रीमती अनीता बघेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुश्री प्रीति लोवंशी, हरिओम झारिया एवं बीटीएम मोहित गोल्हानी के प्रयास से किसानों ने फसल में रुचि दिखाई है। उप संचालक कृषि अश्विनी झरिया ने बताया कि चिया एक पौष्टिक बीज है जिसमें प्रोटीन ओमेगा-3 फैटी एसिड, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इसे सुपर फूड कहा जाता है। चिया की खेती के लिए हल्की ठंडी व शुष्क जलवायु उपयुक्त है। परियोजना संचालक आरडी जाटव, परियोजना उप संचालक आत्मा श्रीमती अंजू कुड़ापे ने चिया उत्पादन से किसानों के जुड़ने के विषय में बताया कि यह कम लागत वाली फसल है और एक एकड़ खेत में 4-6 क्विंटल तक उत्पादन संभव हो सकता है। बाजार में चिया बीज की कीमत 220 प्रति किलो तक होती है यह प्राकृतिक खेती में भी उपयुक्त है।

## भाईचारे के साथ मनाया गया ईदुल फितर का त्यौहार

### मुल्क में अमन चैन की माँगी दुआ, नन्हे बालकों ने रखा रोजा



**नैनपुर (स्वतंत्र मत ) ?** ईदुल फितर का त्यौहार नगर में भाई चारे के साथ मनाया गया। ईदगाह में आज सुबह ईदुल फितर की नमाज अदा की गई। ईद की नमाज जामा मस्जिद के पेश इमाम मोहम्मद कलीम रजा साहब ने पढ़ाई । इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पहुंचे। जहां ईद की नमाज के बाद मुस्लिम बंधुओ ने सामूहिक दुआ की । इस अवसर पर देश और दुनिया के साथ नगर के लिए अमन चैन की दुआ इमाम साहब ने फरमाई। ईद के इस पर्व पर हर हाल में नगर में आपसी समन्वय और भाई चारे के साथ साम्प्रदायिक सौहाद्र बरकरार रखने का संकल्प भी लिया गया। मुस्लिम कमेटी के लोगो द्वारा समस्त नगर वासियों और पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा करते हुए सभी को ईद की मुबारकबाद पेश की। नमाज़ के बाद सभी मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के बाद मुस्लिम भाई अपने अपने मरहूमो की कब्र पर जाकर फातिया पढा। इसके बाद मीठी सेवइयों की मिठास के साथ ईद की मुबारकबाद का सिलसिला घर घर तक पहुंचा। इसके पहले मुस्लिम भाइयों ने पूरे रमजान के एक माह पाबंदियों के साथ रोजा रखा। घर के बड़े बुजुर्गों को देख छोटे बच्चो ने भी रब की रजा के लिए किसी ने पूरे तो किसी ने आधे दिवस का रोजा रखा। कम उम्र के बच्चो ने भी रोजा रखकर पांच बार की नमाज अदा की।

## वाहन रैली शोभायात्रा को लेकर बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**



चैत्र प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर रामनवमी के दिन आयोजित होने वाली भव्य वाहन रैली एवं शोभायात्रा को लेकर नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सनातन धर्मोत्सव परिवार एवं हरदौल लाला समिति के संयुक्त तत्वाधान में नगर पालिका टाउन हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में सर्व हिन्दू समाज के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवाओं एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप देने के उद्देश्य से आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान वाहन रैली एवं शोभायात्रा के मार्ग, समय, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, सजावट, ध्वनि व्यवस्था तथा विभिन्न झांकियों की तैयारी को लेकर जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष आयोजन को और अधिक आकर्षक एवं ऐतिहासिक बनाने का लक्ष्य रखा गया है बैठक में विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया गया कि वे बढ़-चढ़कर इस धार्मिक आयोजन में भाग लें और अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं वक्ताओं ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही आयोजन में ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा।

## ईद में काली पट्टी बांधकर किया विरोध



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शनिवार को ईद की नमाज के दौरान एक अनोखा दृश्य देखने को मिला यहां शिया हैदरी जामा मस्जिद के तत्वाधान में आयोजित नमाज में बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक सभी ने अपने हाथों और कंधों पर काली पट्टी बांध रखी थी इस दौरान किसी ने भी नए कपड़े नहीं पहने और नमाज अदा कर ईद मनाई यह विरोध इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के खिलाफ था नमाज अदा करने के बाद शिया समुदाय के लोगो का कहना है कि आज शव्वाल की पहली तारीख थी और हमने ईद की नमाज अदा की। काली पट्टी बांधकर नमाज अदा करने का उद्देश्य दुनिया को यह संदेश देना है कि हम अपने धार्मिक गुरुओं के साथ हैं इन हमलों में उनके धार्मिक गुरु अयातुल्ला खामनेई को निशाना बनाया गया है ईरान पर इजराइल और अमेरिका द्वारा जो हमला किया गया है वह सरासर गलत और जालमाना है इसी के विरोध में आज हम सभी ने काली पट्टी बांधकर नमाज अदा शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जताया है।

## मंडला पहुंचे धर्मपुरी महाराज, भक्तों ने किया सम्मान



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** हाथों के बल चलकर मां नर्मदा की परिक्रमा कर रहे धर्मपुरी महाराज से मिलने और दर्शन करने के लिए धर्मप्रेमी लगातार उनके परिक्रमा मार्ग और विश्राम स्थल पर पहुंच रहे हैं इन दिनों धर्मपुरी महाराज पुरवा सूर्यकुण्ड मार्ग में हैं जिनके दर्शन के लिए बीते दिनों पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत कछवाहा, किशोर रजक, रोहित बघेल पहुंचे जिन्होंने धर्मपुरी महाराज का शॉल श्रीफल से सम्मान करते हुए पुष्पवर्षा की इस दौरान बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

बता दें धर्मपुरी महाराज ने अमरकंटक से मां नर्मदा की 3500 किलोमीटर लंबी असाधारण परिक्रमा हाथों के बल चलकर शुरू की है। यह चार साल में पूरी होने वाली परिक्रमा उनकी तपस्या और समर्पण का प्रतीक है जो लोगों के लिए आस्था का अद्भुत उदाहरण बनी है। महाराज प्रतिदिन लगभग तीन किलोमीटर की यात्रा पूरी कर रहे हैं।

धर्मपुरी महाराज ने अमरकंटक से मां नर्मदा की 3500 किलोमीटर लंबी असाधारण परिक्रमा हाथों के बल चलकर शुरू की है जो लगभग चार साल में पूरी होने की उम्मीद है। यह परिक्रमा उनकी तपस्या और समर्पण का प्रतीक है और लोगों के लिए आस्था का एक अद्भुत उदाहरण बन गई है। धर्मपुरी महाराज ने दशहरा पर्व के दिन अमरकंटक से मां नर्मदा की यह असाधारण परिक्रमा शुरू की है जहां सामान्यत: लोग पैर से चलकर मां नर्मदा की परिक्रमा करते हैं वहीं धर्मपुरी महाराज ने हाथों के बल चलकर 3500 किलोमीटर की परिक्रमा करने का संकल्प लिया है। यह कठिन परिक्रमा लगभग चार वर्ष में पूरी होगी। महाराज जी अब तक लगभग 150 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पूरी कर चुके हैं। वे प्रतिदिन लगभग तीन किलोमीटर की परिक्रमा कर रहे हैं।

उनके शिष्य भी इस परिक्रमा में उनके साथ चल रहे हैं। डिंडौरी जिले के करंजिया विकासखंड निवासी धर्मपुरी महाराज ने हाथ के सहारे यह परिक्रमा शुरू की है। यह परिक्रमा उनकी तपस्या और समर्पण का प्रतीक है।

# कोलकाता में है मां दुर्गा का अनोखा म्यूजियम, चैत्र नवरात्रि में यहां उमड़ती है भक्तों की भारी भीड़

दिव्यांशी भदौरिया

इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से हो रही है। नवरात्र पर्व को बेहद खास तरीके मनाया जाता है। कोलकाता में इस त्योहार को लेकर एक अलग ही रौनक देखने को मिलती है। इस दौरान यहां का माहौल बहुत ही भक्तिमय हो जाता है। नवरात्रि में नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरुपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन इसकी शुरुआत घटस्थापना यानी कलश स्थापना की जाती है। पश्चिम बंगाल में शारदीय नहीं बल्कि चैत्र नवरात्रि पर लोग दूर-दूर से आते हैं। नवरात्र के दौरान यहां पर एक अलग ही वाइब होती है। पूरा माहौल भक्तिमय रहता है, यदि आप भी नवरात्र के दौरान बंगाल जाने का प्लान कर रही हैं, तो एक बार इस म्यूजियम में जरुर जाएं।

### मां दुर्गा का म्यूजियम

नवरात्रि के दौरान साउथ कोलकाता के रवींद्र सरोवर में स्थित मां फिरे एलो म्यूजियम में जरुर जाएं। यह वह जगह है जहां पूजा पंडालों की मूर्तियां रखी जाती है। इस संग्रहालय की स्थापना



साल 2012 में हुई थी। यहां पर आज भी कोलकाता के प्रसिद्ध पंडालों के मां दुर्गा की कुछ अद्भुत कलाकृति वाली मूर्तियां देखने को मिल जाएगी। सबसे खास बात यह है कि मूर्तियां आज भी नई जैसी लगी है क्योंकि इनकी समय-समय पर मरम्मत कर सकते हैं।

आप कोलकाता तक हवाई जहाज, ट्रेन, बस या अपनी निजी गाड़ी से आसानी से पहुंच सकते हैं। यहां का सबसे नजदीकी एयरपोर्ट नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, जो देश के कई बड़े शहरों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। यदि आप रेल मार्ग से सफर कर रही हैं, तो हावड़ा या सियालदह स्टेशन पर उतरना सुविधाजनक रहेगा। वहीं, दिल्ली से कोलकाता सड़क मार्ग से जाने के लिए आप ह॥-2 और ह॥-6 हाईवे का रास्ता चुन सकती हैं। अगर आप चैत्र नवरात्रि पर कोलकाता जा रहे हैं तो मां दुर्गा का रवींद्र सरोवर में स्थित मां फिरे एलो म्यूजियम जरुर जाएं।



# मर्यादा, न्याय और धर्म की विजय का पर्व

योगेश कुमार गोयल

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ रामनवमी का त्यौहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 6 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इस दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं तथा अयोध्या स्थित सरयू नदी में पवित्र स्नान कर पंचकोसी की परिक्रमा करते हैं। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आती है और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ती है। देशभर में अन्य स्थानों पर भी जगह-जगह इस दिन श्रद्धापूर्वक हवन, व्रत, उपवास, यज्ञ, दान-पुण्य आदि विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है।

मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया।

महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मर्यादा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14000 राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया। कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए।

वास्तव में विधि के विधान के अनुसार राम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें 'मर्यादा पुरूषोत्तम' कहा गया। जहां तक राम-रावण के बीच हुए भीषण युद्ध की बात है तो वह सिर्फ दो राजाओं के बीच का सामान्य युद्ध नहीं था बल्कि दो विचारधाराओं का संघर्ष था, जिसमें एक मानव संस्कृति थी तो दूसरी राक्षसी संस्कृति। एक ओर क्षमादान की भावना को महत्व देने वाले व जनता के दुख-दर्द को समझने एवं बांटने वाले वीतरागी भाव थे तो दूसरी ओर दूसरों का सब कुछ हड़प लेने की राक्षसी प्रवृत्ति। रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के। यही नहीं, सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मर्यादाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी 'आदर्श' शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को 'रामराज्य' कहकर परिभाषित किया जाता है। 'रामराज्य' यानी सुख, शांति एवं न्याय का राज्य।

रामनवमी | गुरुवार 26- शुक्रवार 27 मार्च 2026

श्रीराम की आराधना करने से मिलेगा विशेष पुण्यफल

# राम नाम मुद मंगलकारी... विघ्न हरे सब पातक हारी

**सनातन धर्म में भगवान श्रीराम को आदर्श जीवन, धर्म और मर्यादा का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मंदिरों और घरों में भगवान राम की पूजा-अर्चना की जाती है, भजन-कीर्तन होते हैं और रामायण का पाठ किया जाता है।**

### धार्मिक मान्यताओं के अनुसार

इसी तिथि पर अभिजीत मुहूर्त में अयोध्या नगरी में राजा दशरथ के घर भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए रामनवमी के दिन भक्त विशेष रूप से भगवान राम की पूजा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में हर साल की तरह इस बार भी भक्तों के मन में यह जानने की उत्सुकता है कि इस वर्ष रामलला का जन्मोत्सव किस दिन मनाया जाएगा, साथ ही पूजा का शुभ मुहूर्त क्या रहेगा और किस विधि से भगवान श्रीराम की आराधना करने से विशेष पुण्यफल प्राप्त हो सकता है।

### वैदिक पंचांग के अनुसार

इस वर्ष चैत्र शुक्ल नवमी तिथि 26 मार्च 2026 को सुबह 11:48 बजे से प्रारंभ होकर 27 मार्च 2026 को सुबह 10:06 बजे तक रहेगी। तिथि के दो दिनों तक रहने के कारण कई लोगों के मन में यह सवाल रहता है कि रामनवमी किस दिन मनाई जाए। धार्मिक परंपराओं के अनुसार इस पर्व की तिथि अलग-अलग मतों के आधार पर निर्धारित की जाती है। स्मार्त परंपरा का पालन करने वाले श्रद्धालु 26 मार्च 2026 को रामनवमी मनाएंगे, वहीं उदयातिथि को महत्व देने वाले वैष्णव भक्त 27 मार्च 2026 को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाना अधिक शुभ मानते हैं।

### पंचांग के अनुसार

रामनवमी पर भगवान श्रीराम की पूजा के लिए मध्याह्न काल को विशेष महत्व दिया जाता है, क्योंकि मान्यता है कि इसी समय प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था। इस साल 26 मार्च 2026 को मध्याह्न पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 11:13 से दोपहर 1:41 बजे तक रहेगा। यही समय 27 मार्च 2026 को भी पूजा-अर्चना के लिए शुभ माना गया है।

### विधि-विधान से करें पूजन

रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम की कृपा पाने के लिए भक्तों को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए। इसके बाद स्नान कर तन और मन को पवित्र बनाएं और पूरे श्रद्धा भाव के साथ पूजा की तैयारी करें। स्नान के बाद सबसे पहले सूर्यदेव को जल अर्पित करें, क्योंकि भगवान श्रीराम का जन्म सूर्यवंश में हुआ था। सूर्य उपासना करने के बाद भगवान श्रीराम की पूजा, व्रत और जप करने का संकल्प लें। यदि घर में पूजा कर रहे हैं तो ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) में एक चौकी रखकर उस पर पीला वस्त्र बिछाएं और भगवान श्रीराम की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें। इसके बाद गंगाजल से भगवान का अभिषेक करें और चंदन, फूल, धूप, दीप, फल, मिठाई और वस्त्र अर्पित कर विधि-विधान से पूजा करें। पूजा के समय राम मंत्र का जप, राम रक्षा स्तोत्र का पाठ या रामचरितमानस की चौपाइयों का पाठ करना अत्यंत शुभ माना जाता है। अंत में भगवान श्रीराम की आरती करें और चढ़ाया गया प्रसाद सभी भक्तों में बांट दें। ऐसा करने से भगवान श्रीराम की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख-शांति का वास होता है।

### सनातन धर्म के अनुसार

इसी दिन भगवान विष्णु ने धरती पर सातवें अवतार के रूप में अयोध्या में राजा दशरथ के घर जन्म लिया था। धार्मिक मान्यता है कि रामनवमी के दिन सच्चे मन से भगवान श्रीराम की पूजा करने और उनका नाम स्मरण करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और घर में सुख, शांति तथा समृद्धि का वास होता है। रामनवमी का व्रत पापों का क्षय और शुभ फल प्रदान करने वाला होता है।

राशि अनुसार करें

### भोग अर्पित

**मेष-** इस राशि के लोग लड्डू और अनार का भोग लगाएं तो अच्छा रहेगा।

**वृषभ-** श्रीराम को रसगुल्ले का भोग लगाएं तो उनकी हर मनोकामना पूरी होगी।

**मिथुन-** काजू की मिठाई भगवान श्रीराम को अर्पित करें।

**कर्क-** इस राशि के लोग मावे की बर्फी और नारियल का भोग लगाएं।

**सिंह-** गुड़ व बेल का फल श्रीराम को भोग में चढ़ाएं।

**कन्या-** तुलसी के पत्ते और नाशपाती अथवा किसी भी हरे फल का भोग लगाएं।

**तुला-** इस राशि के लोग कलाकंद और सेब का भोग लगाएं।

**वृश्चिक -** इस राशि वाले लोग गुड़ की रेवड़ी का भोग लगाएं।

**धनु-** श्रीराम को बेसन की चक्की या अन्य बेसन की मिठाई का भोग लगाएं।

**मकर-** इस राशि के लोग गुलाबजामुन और काले अंगूर का भोग लगाएं।

**कुंभ-** इस राशि के लोग चॉकलेटी रंग की बर्फी व चीकू चढ़ाएं।

**मीन-** इस राशि के जातक भगवान श्रीराम को जलेबी व केले का भोग लगाएं।

### राम स्तोत्र का करें पाठ

राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे। सहस्त्र नाम ततुल्यं राम नाम वरानने।।

- सुबह जल्दी उठकर नहाकर, साफ वस्त्र पहनकर प्रभु श्रीराम का पूजन करें।
- भगवान राम की मूर्ति के सामने रुद्राक्ष की माला लेकर इस स्तोत्र का जप करें। कम से कम 11 माला जप अवश्य करें।
- आसन कुश का हो तो अच्छा रहता है।
- यदि प्रतिदिन एक ही समय इस मंत्र का जप किया जाए तो दुनिया का हर कष्ट मिट जाता है।



### हर प्रकार की सफलता के लिए पढ़ें राम के मंत्र

कहते हैं राम से बड़ा राम का नाम होता है। राम नाम की महिमा को स्वयं शिव ने भी स्वीकारा था। पुराणों में भी राम नाम का गुणगान वर्णित है। राम के सरल और छोटे मंत्रों का हर रोज अथवा रामनवमी पर जप करने से मनचाही कामना पूरी होती है। हर प्रकार की सफलता के लिए पढ़ें राम के संक्षिप्त मंत्र-

**1. राम राम राम, 2. ह्रीं राम ह्रीं राम, 3. श्रीं राम श्रीं राम ।**

### पौराणिक महत्व



रामनवमी के त्योहार का महत्व हिंदू धर्म-सभ्यता में महत्वपूर्ण है। इस पर्व के साथ ही मां दुर्गा के नवरात्रों का समापन भी जुड़ा है। हमें ज्ञात होता है कि भगवान श्रीरामजी ने भी देवी दुर्गा की पूजा की थी और उनके द्वारा की गई शक्तिपूजा ने उन्हें धर्मयुद्ध में विजय प्रदान की। कहा जाता है कि इसी दिन गोस्वामी तुलसीदासजी ने रामचरितमानस की रचना का आरंभ भी किया था।



### सर्व कल्याण के लिए राम तारक महामंत्र

जिस व्यक्ति को सब प्रकार के सुख, यश और विजय की परम अपेक्षा हो, इस राम तारक महामंत्र का प्रतिदिन 108 बार शुद्ध आसन पर बैठकर पूर्वाभिमुख होकर जप करें। जप शुरू करने से पहले इस मंत्र से परम प्रभु श्रीरामचंद्रजी का ध्यान करें -

*रामाय रामभद्राय रामचंद्राय वेदसे*

# पीरियड साइकिल का बिगड़ा बैलेंस यह हर्बल चाय करेगी हॉर्मोन्स को ठीक

अनन्या मिश्रा

कई लड़कियों का सवाल होता है कि हर दूसरे महीने उनकी पीरियड्स डिले हो जाते हैं। कभी कभी 3-4 दिन तो कभी-कभी एक सप्ताह तक पीरियड्स लेट हो जाते हैं। वहीं किसी-किसी महीने से पीरियड्स स्किप हो जाते हैं। तो क्या यह सब नॉर्मल है। तो जवाब है कि आपको यह समझने की जरूरत है कि यह बिल्कुल भी नॉर्मल नहीं है। क्योंकि पीरियड्स आपके हार्मोन्स का रिपोर्ड कार्ड होते हैं। ऐसे में पीरियड्स में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी सीधे इस ओर इशारा करती है कि आपके बॉडी में हार्मोनल इंबैलेंस है।

इसलिए इसको मैनेज करने के लिए लाइफस्टाइल और डाइट में बदलाव करना बेहद जरूरी है। वहीं कुछ देसी नुस्खे भी इस समस्या के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। अगर आपके पीरियड्स भी अनियमित हो गए हैं या फिर फ्लो कम आने लगा है। तो आप देसी चाय को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।



### ये चाय रेगुलर कर सकती है पीरियड्स

बता दें कि अजवाइन पीरियड्स को रेगुलेट करने, हार्मोनल इंबैलेंस के कारण होने वाली ब्लोटिंग को कम करने और डाइजेशन को सुधारने में मदद करती है। दालचीनी हार्मोन्स को बैलेंस करती है और ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में सहायता करती है। चेस्टबेरी के बीच प्रोजेस्टेरोन के लेवल को बैलेंस करती है और पीरियड्स साइकिल को रेगुलर बनाने में मदद करता है।

यूट्राइन हेल्थ को बेहतर बनाने में केसर मदद करता है और इसके सेवन से मेंस्ट्रुअल साइकिल नियमित होती है।

इसमें आयरन का अच्छा स्त्रोत होता है और शरीर को ताकत मिलती है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो यह चाय एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन को बैलेंस करती हैं औऱ डाइजेशन में सुधार करती है।

वहीं जिन महिलाओं को पीरियड्स के दिनों में ब्लोटिंग, गैस और कब्ज की समस्या रहती है, उनके लिए यह चाय काफी फायदेमंद हो सकती है।

इस चाय के सेवन से पीरियड फ्लो खुलकर आता है। अगर आपको पीरियड्स में 1-2 दिन ब्लीडिंग होती है, तो इस चाय का सेवन जरूर करना चाहिए।

### ऐसे बनाएं ये चाय

सबसे पहले एक पैन में पानी डालें।

फिर इसमें 1 चम्मच अजवाइन डालें।

अब दालचीनी का 1 चुटकी पाउडर डालें।

इसमें 1 चम्मच चेस्टबेरी के बीज डालें।

केसर के 1-2 धागे डालें।

इसमें 1 चम्मच गुड़ का पाउडर डालें।

अब इसको अच्छे से उबलने दें और फिर छानकर गुनगुना पिएं।

इस चाय को अपनी साइकिल के 10वें दिन से पीना स्टार्ट कर दें।

# स्किन पर बार-बार पिंपल निकलने की असली वजह सिर्फ ऑयली स्किन नहीं

गर्मी आते ही पिंपल्स की प्रॉब्लम सबसे ज्यादा बढ़ जाती है। आज के समय में सिर्फ टीनेजर्स ही नहीं बल्कि हर उम्र के लोग इस समस्या से परेशान हैं। जब चेहरे पर पिंपल्स निकलते हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए हम महंगे प्रोडक्ट्स या फिर घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करते हैं। पिंपल्स निकलने पर हमें लगता है कि ऐसा सिर्फ ऑयली स्किन की वजह से होता है, तो ऐसा नहीं है। चेहरे पर पिंपल्स निकलने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। जिनके बारे में शायद आपने अभी सोचा भी नहीं होगा। जब आपके शरीर में हार्मोन्स का बैलेंस बिगड़ने लगता है, तो इसका असर चेहरे पर दिखाई देता है। पिंपल्स भी इन्हीं में से एक है। बात करें लड़कियों कि तो जब उन्हें पीरियड्स आने वाले होते हैं, या फिर जिन महिलाओं को पीसीओडी की प्रॉब्लम है, उनके चेहरे पर एक्ने बार-बार निकलते हैं। इसके अलावा जब आप टीनेजर होते हैं, उस समय भी हार्मोन्स के बदलाव की वजह से आपको पिंपल्स हो सकते हैं।

**गलत डाइट-** आप अपनी रोजाना की लाइफ में जिन चीज़ों का सेवन करते हैं, उनका प्रभाव भी इस समस्या का कारण बन सकता है। ज्यादा फ्राइड चीजें, जंक फूड्स, स्वीट्स या फिर डेयरी प्रोडक्ट्स खाने से भी चेहरे पर पिंपल्स निकल आते हैं। अगर आप अपनी डाइट में हरी सब्जियां, फलों और सही मात्रा में पानी नहीं पीते हैं, तो इसका असर भी आपके चेहरे पर दिखने लगता है।

**स्ट्रेस भी है कारण-** आज की बिजी लाइफस्टाइल में स्ट्रेस होना एक आम बात हो गई है। जब आप हद से ज्यादा स्ट्रेस लेते हैं, तो भी आपके चेहरे पर पिंपल्स निकलने लगते हैं। जब आप स्ट्रेस लेते हैं, तो आपके शरीर में कुछ हार्मोन्स एक्टिव हो जाते हैं, जिसकी वजह से भी आपको ऑयली स्किन, पिंपल्स और एक्ने की प्रॉब्लम होने लगती है।

**गलत स्किनकेयर प्रोडक्ट्स-** हर किसी की स्किन टाइप अलग-अलग होती है, लेकिन कई लोग ऐसे भी होते हैं, जो बिना-समझे किसी भी स्किनकेयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल अपने चेहरे पर करने लगते हैं। अगर आप अपनी स्किन टाइप को देखे बिना हेवी क्रीम, ऑयली प्रोडक्ट्स और कॉस्मेटिक का इस्तेमाल करते हैं, तो भी आपको पिंपल्स की प्रॉब्लम हो सकती है।

**चेहरे की सफाई रखना-** जब आपके चेहरे पर दिनभर धूल, पसीना और पॉल्यूशन जमा होता रहता है और आप इसे ठीक से साफ नहीं करते हैं, तो भी आपको पिंपल्स की समस्या होती है। इसके अलावा अगर आप बिना किसी वजह के चेहरे को बार-बार छूते रहते हैं, तो पिंपल्स होने के पीछे यह भी एक मुख्य कारण है।

# बाजार सूने, खुले में नमाज पर रोक, 60 साल में पहली बार अल-अक्सा मस्जिद बंद

नई दिल्ली



एक तरफ जहां दुनियाभर में ईद का जश्न मनाया जा रहा है तो वहीं मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग ने इलाके में इस त्योहार को फीका कर दिया है। ईरान में बाजार सूने पड़े हैं, यूएई, कतर और कुवैत में खुले मैदान में नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी गई और 60 साल में पहली बार इजरायल के यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद को ईद की नमाज के लिए बंद कर दिया गया।

1967 में हुए अरब-इजरायल के युद्ध के बाद यह पहला मौका है जब इस मस्जिद को पूरी तरह से बंद किया गया हो। यह मुसलमानों के लिए मक्का-मदीना के बाद तीसरा सबसे बड़ा पवित्र स्थल है। 28 फरवरी से अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमले के बाद से इजरायली अधिकारियों ने आम लोगों की एंट्री बंद कर रखी है। सुरक्षा कारणों से सिर्फ वहां रहने वाले या दुकानदार ही अंदर जा सकते हैं।

6 मार्च से पश्चिमी वॉल, अल-अक्सा मस्जिद और चर्च ऑफ द होली सेपल्कर जैसे कई धार्मिक स्थल बंद हैं। पूरे इजरायल में भीड़ पर भी पाबंदी लगाई हुई है। यरुशलम के पुराने शहर के गेट पर शुक्रवार को ईद की नमाज के दौरान सैकड़ों नमाजियों और पुलिस के बीछ झड़प भी हो गई।

वहीं, ईरान में शुक्रवाद को ईद मनाई गई लेकिन बाजार सूने पड़े रहे। इस बार लोगों ने जंग और तनाव के बीच ईद मनाई और इजरायली हमलों में मारे गए बच्चों को श्रद्धांजलि दी गई। रमजान खत्म होने के बाद देशभर में लोगों ने मस्जिदों और धार्मिक स्थलों पर नमाज अदा की। कई जगहों पर ईद का जश्न बड़ी ही सादगी से मनाया गया।

ईद के मौके पर यूएई में 4 की छुट्टी का एलान किया गया। बाजार, मॉल और सार्वजनिक जगहों पर सजावट की गई और लोगों की भीड़ भी दिखी। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था पहले से कड़ी थी। वहीं, ईराक में इस बार ईद पर तनाव का माहौल देखने को मिला। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जंग का असर यहां के लोगों की जिंदगी पर भी हुआ है।

# मित्र देशों के लिए ईरान ने शुरू किया सेफ शिपिंग कॉरिडोर, इसी गलियारे से निकले थे भारतीय जहाज

नई दिल्ली



युद्ध के तनाव के बीच, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से मित्र देशों के जहाजों की सुरक्षित निकासी के लिए एक सेफ कॉरिडोर की शुरुआत की है। यह गलियारा ईरान के क्षेत्रीय जल से होकर गुजरता है। ईरान के लारक द्वीप के निकट स्थित इस मार्ग से केवल चुनिंदा जहाजों को गुजरने की अनुमति दी गई है। ईरानी अधिकारियों से पूर्व स्वीकृति प्राप्त जहाज ही इस गलियारे का उपयोग कर सकते हैं समुद्री समाचार एजेंसी लायड्स लिस्ट के अनुसार, कम से कम नौ जहाज पहले ही इस गलियारे का उपयोग कर चुके हैं। इनमें से काम से कम एक टैंकर ऑपरेटर ने सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए लगभग 20 लाख डॉलर का भुगतान किया है। अधिकतर मामलों में, राजनयिक समन्वय के माध्यम से स्वीकृति प्राप्त हुई है।

भारतीय ध्वज वाले तीन गैस टैंकर, शिवालिक, नंदा देवी और जग लाडकी, इस मार्ग से सफलतापूर्वक जलडमरूमध्य को पार करके भारत पहुंचे हैं। शिपिंग डाटा से पता चलता है कि इन जहाजों ने ओमान के जलक्षेत्र से होकर गुजरने वाले सामान्य छोटे मार्ग से परहेज किया और इसके बजाय निगरानी में ईरानी क्षेत्रीय जलक्षेत्र से होकर गुजरे।

हालांकि, इस मार्ग को सुरक्षित बताया जा रहा है, फिर भी विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि ईरानी अधिकारियों से मंजूरी मिलने से सुरक्षा की गारंटी नहीं मिलती। रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के विभिन्न विभाग अभी भी जहाजों को रोक सकते हैं या जब्त कर सकते हैं, जिससे शिपिंग कंपनियों के लिए अनिश्चितता पैदा हो सकती है। जलडमरूमध्य पर ईरान का अधिक नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास तनाव को बढ़ा सकता है। कई वैश्विक शिपिंग कंपनियों, विशेषकर पश्चिमी देशों से जुड़ी कंपनियों के लिए जोखिम अभी भी बहुत अधिक है। हालांकि, ईरान के साथ व्यापारिक संबंध रखने वाले देशों के लिए यह विकल्प मददगार साबित हो सकता है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश करने से पहले जहाजों को कड़ी जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। भारत, पाकिस्तान, इराक, मलेशिया और चीन जैसे कई देश अपने जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए ईरान के साथ बातचीत कर रहे हैं। इस प्रणाली का प्रबंधन ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर द्वारा किया जा रहा है। मंजूरी चाहने वाले जहाजों के लिए एक पंजीकरण तंत्र विकसित किया जा रहा है। आने वाले दिनों में एक अधिक औपचारिक अनुमोदन प्रणाली की शुरुआत की जा सकती है।

# 5 दिन में लूट लिए 6 अमेरिकी बैंक, फिर भी हाथ आए सिर्फ 56000 रुपये



**नई दिल्ली।** अमेरिका के न्यूयॉर्क से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक लुटेरे ने पांच दिनों के भीतर छह बैंकों में लूट की घटना को अंजाम दिया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि उसने इस दौरान कुल मिलाकर केवल 605 डॉलर (लगभग 56,000 रुपये) ही लूट सका। दरअसल, 33 वर्षीय गुस्तावो डीजेसस टोरेस ने न्यूयॉर्क के चेस बैंक की अलग-अलग शाखाओं लूट की घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने पिछले सप्ताह चेस बैंक की एक शाखा में घुसकर और अकाउंटेंट को एक नोट देकर इस घठना को अंजाम दिया था। इस दौरान नोट में लिखा था कि अगर लोगों ने पैसे नहीं दिए तो उन्हें नुकसान पहुंचाया जा सकता है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पहली लूट के दो दिन बाद, टोरेस ने फिर इस तरह की घटना को अंजाम दिया। उसने उसी बैंक की अलग-अलग शाखाओं को निशाना बनाया। दो मौकों पर, टोरेस को मामूली सफलता मिली और उसने क्वींस के जैक्सन हाइट्स स्थित एक शाखा से 320 डॉलर और ब्रुकलिन के फ्लैटबुश में नॉस्ट्रैंड एवेन्यू स्थित एक शाखा से 265 डॉलर लूट लिए। हालांकि, हार्लेम के वेस्ट 125वीं स्ट्रीट पर एक बैंक में लूट के दौरान, वह केवल 20 डॉलर ही लेकर भागने में सफल हो पाया। इस तरह उसने पांच दिनों के भीतर कुल छह बैंकों में लूट की घटना को अंजाम दिया। जिसमें तीन बैंकों की कोशिश नाकाम रहीं।33 वर्षीय गुस्तावो डीजेसस टोरेस ने पांच दिनों में न्यूयॉर्क के छह बैंकों को लूटा और इस दौरान उसने केवल 605 डॉलर ही मिल पाया। वह केवल 605 डॉलर की मामूली रकम लेकर ही फरार हुआ।घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी टोरेस की पहचान की। एक तस्वीर में टोरेस को एक आम यात्री की तरह मेट्रो प्लेटफॉर्म पर कॉफी का कप और हेडफोन लिए खड़ा देखा जा सकता है। यह तस्वीर डाउनटाउन ब्रुकलिन में एक असफल बैंक डकैती और नॉस्ट्रैंड एवेन्यू स्थित चेस बैंक की एक शाखा में उसकी सफल 265 डॉलर की डकैती के बीच के 57 मिनट के छोटे से अंतराल में ली गई थी। आरोपी टोरेस अभी भी फरार है। पुलिस कैमरे की मदद से आरोपी की तलाश में जुटी है।

## क्या ईरान से कच्चा तेल खरीदना शुरू करेगा भारत?

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका-इजरायल युद्ध के कारण पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच व्यापारियों ने शनिवार को बताया कि भारतीय रिफाइनर ईरानी तेल की खरीद फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जबकि एशिया के अन्य हिस्सों में रिफाइनर भी ऐसा कदम उठाने पर विचार कर रहे हैं। फिलहाल अमेरिका ने ईरानी तेल खरीद पर प्रतिबंध हटाया हुआ है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, तीन भारतीय रिफाइनिंग स्त्रोतों ने कहा कि वे ईरानी तेल खरीदेंगे और भुगतान की शर्तों जैसे विवरणों पर सरकार के निर्देशों तथा वॉशिंगटन से स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं। भारत में रिफाइनरियों में हाल ही में अमेरिका द्वारा प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटाए जाने के बाद रूसी तेल बुक करने की होड़ लग गई।

# चैंपियन के लिए पुतिन ने तोड़ा प्रोटोकॉल, घुटनों के बल बैठकर चौंकाया

नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में सुर्खियों में छाए हुए हैं, जब उन्हें पैरालंपिक चैंपियन इवान गोलुबकोव को सम्मानित करने के लिए घुटने टेकते हुए देखा गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, और गोलुबकोव को 2026 शीतकालीन पैरालंपिक खेलों में उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। खास बात यह है कि इवान गोलुबकोव को उनके प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह भी उल्लेखनीय है कि समारोह के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने इवान गोलुबकोव को मैत्री पदक से नवाजा, जो संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान और राष्ट्र को गौरव दिलाने वाली उपलब्धियों के लिए दिया जाने वाला सम्मान है। कोच इरिना ग्रोमोवा, अलेक्जेंडर नाज़ारोव, एलेक्सी टर्बिन और एलेक्सी कोबेलेव को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। हालांकि, दुनिया भर के दर्शकों के लिए सबसे यादगार पल पुतिन का घुटने टेककर इस स्टार खिलाड़ी को पुरस्कार देना था। गोलुबकोव के प्रति सम्मान और प्रशंसा का प्रतीक यह क्षण सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।



**इवान गोलुबकोव की उपलब्धि-** खास बात यह है कि इवान गोलुबकोव ने 2026 शीतकालीन पैरालिंपिक खेलों में पुरुषों की 10 किमी क्रॉस-कंट्री स्कीइंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। पैरालिंपिक एथलीटों की दुनिया में सर्वश्रेष्ठ नामों में से एक के रूप में खुद को फिर से स्थापित करते हुए, उन्होंने इस आयोजन में देश की सफलता में योगदान दिया। इस आयोजन में, पुतिन ने शीतकालीन पैरालिंपिक में टीम के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई भी दी। उन्होंने बताया कि कैसे अपेक्षाकृत छोटी टीम भेजने के बावजूद, रूस ने कई देशों को पीछे छोड़ दिया।

देश ने अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस-कंट्री स्कीइंग और पैरा-स्नोबोर्डिंग में छह एथलीटों को भेजा और फिर भी स्वर्ण पदक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। 2026 शीतकालीन पैरालिंपिक 6 से 15 मार्च तक आयोजित किए गए थे और इसमें कई देशों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंत में, चीन स्वर्ण पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा, अमेरिका दूसरे और रूस तीसरे स्थान पर रहा।

# इलेक्ट्रिक टूथब्रश में ब्लास्ट होने के बाद बोली महिला, गनीमत है कि जिंदा बच गई

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में एक महिला के इलेक्ट्रिक टूथब्रश में ब्लास्ट हो गया, जिसके बाद आग लग गई। मैनचेस्टर की रहने वाली 33 साल की चार्लोट बोवर्स ने 8 महीने पहले ये टूथब्रश खरीदा था लेकिन फरवरी 2026 को जब वह सो रही थीं तो इसमें अचानक से ब्लास्ट हुआ और अपने आप जल गया। विस्फोट के कारण टूथब्रश में आग लग गई, लेकिन शुक्र है कि बाथरूम के शीशे के स्टील फ्रेम ने आग की लपटों को दूर तक फैलने से रोक दिया। महिला का कहना है कि वह भाग्यशाली हैं कि वह जीवित हैं। महिला का कहना है कि अगर आईना नहीं होता तो वह और उनका साथी मर भी सकते थे। उन्होंने यह भी कहा कि अब वह कभी भी इलेक्ट्रिक टूथब्रश का उपयोग नहीं करेंगी। महिला के मुताबिक, यह टूथब्रश ओरल बी कंपनी का था और कंपनी को जब इस बारे में शिकायत की तो उसने या तो 46 डॉलर या फिर नया टूथब्रश देने की पेशकश की, जबकि ब्रश में ब्लास्ट की वजह से हुआ नुकसान 267 डॉलर का था।



चार्लोट नेटवर्क रेल के लिए काम करती हैं। उन्होंने सबसे पहले टॉक टू द प्रेस को अपनी कहानी बताई। उन्होंने कहा, मुझे तो विश्वास ही नहीं हुआ कि ऐसा कुछ हो सकता है, ऐसा मैंने पहले कभी नहीं सुना था। मैं बाथरूम में गई तो देखा मेरे टूथब्रश फट गया था और उसमें आग लग गई थी। मैं भाग्यशाली हूं कि मैं जिंदा बच गई क्योंकि आईने के स्टील फ्रेम ने आग को फैलने से रोक लिया था।

महिला ने आगे बताया, इस ब्रश को लेकर कोई वॉर्निंग भी नहीं दी गई थी। आठ महीने से इसका इस्तेमाल कर रही थी। मैंने हमेशा इसको सूखा रखा और चार्जिंग पर भी नहीं छोड़ा था। अब मैं ओरल बी से कभी कुछ नहीं खरीदूंगी और न कभी इलेक्ट्रिक टूथब्रश का इस्तेमाल करूंगी।

# बहुत प्यार है तो ईरान चले जाओ, शिया मुसलमानों से बोले पाक सेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। दरअसल, शिया धर्मगुरुओं के साथ हुई इफ्तार बैठक के दौरान आसिम मुनीर विद्वानों की निष्ठा पर सवाल उठाते आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए ईरान जाने की सलाद दी। खबरों के मुताबिक, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर ने बैठक में शिया धर्मगुरुओं से कहा, अगर ईरान से बहुत प्यार है तो वहीं चले जाओ। हम किसी को भी, किसी दूसरे देश के प्रति अपनी वफादारी की वजह से, पाकिस्तान में अफरा-तफरी फैलाने की इजाजत नहीं देंगे। पाकिस्तान के सेना प्रमुख मुनीर के इस बयान को शिया समुदाय ने अपमानजनक माना है। इसको लेकर शिया नेताओं में नाराजगी बढ़ गई है और वे मुनीर के बयान को शिया विरोधी सोच बता रहे हैं। यही नहीं बैठक में मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि सेना प्रमुख ने वरिष्ठ विद्वानों को अपमानजनक तरीके से संबोधित किया और बिना किसी संवाद की अनुमति दिए ही वहां से चले गए.धार्मिक नेता सैयद जवाद नदवी ने इसके खिलाफ विरोध जताते हुए इसे सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# महेश बाबू ने धुरंधर: द रिवेंज को बताया धमाकेदार! रणवीर सिंह और आदित्य धर की तारीफ में पढ़े कसीदे

सुपरस्टार महेश बाबू ने आदित्य धर द्वारा निर्देशित जासूसी-थ्रिलर फिल्म धुरंधरू द रिवेंज की जमकर सराहना की है। रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म, जो 2025 में रिलीज हुई धुरंधर का सीक्वल है, दर्शकों के बीच काफी चर्चा में है। महेश बाबू ने फिल्म के निर्देशन, संगीत और अभिनय की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म बृहस्पतिवार को रिलीज हुई और यह धर की 2025 में प्रदर्शित हुई फिल्म 'धुरंधर' की अगली कड़ी है। फिल्म में आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी भी हैं, जो अपनी पिछली भूमिकाओं को फिर निभा रहे हैं। महेश ने बृहस्पतिवार को 'फेसबुक' पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने फिल्म की प्रशंसा की और माधवन के अभिनय व संगीतकार



शाश्वत सचदेव की भी सराहना की। उन्होंने कहा, धुरंधरू द रिवेंज' एक धमाकेदार फिल्म है जिसे बेहतरीन ढंग से फिल्माया गया है। रणवीर का सर्वश्रेष्ठ किरदार सामने आया है और क्या बात हैज आदित्य धर ने जिस तरह से इस शानदार फिल्म की कल्पना की और इसे दर्शकों के बीच तालियों की गड़गड़ाहट के साथ पेश किया है, वह वाकई सराहनीय है। अभिनेता ने कहा,मैडी (माधवन) के अभिनय और शाश्वत सचदेव के संगीत का विशेष उल्लेख करना चाहूंगाज। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे देखना और सराहना चाहिएज। पूरी टीम को बधाई। कराची के लियारी कस्बे पर आधारित फिल्म धुरंधर की कहानी कंधार विमान अपहरण, 2001 के संसद हमले और 26 नवंबर 2008 को मुंबई हमलों जैसी भू-राजनीतिक व आतंकी घटनाओं की पृष्ठभूमि में खुफिया अभियानों के इर्द-गिर्द घूमती है। लियारी गैंगवार और हिंसक क्षेत्रीय झगड़ों के इतिहास के लिए जाना जाता है। इस फिल्म में रणवीर सिंह के किरदार हमजा अली मजारी के कराची के अंडरवर्ल्ड में उदय की कहानी दिखाई गई है, साथ ही फिल्म जसकिरत सिंह रंगी के रूप में उनकी शुरुआती पृष्ठभूमि पर से पर्दा उठाती है।

# कभी फैशन डिजाइनर बनना था सपना, एक फैसले ने बनाया बॉलीवुड की रानी



आज यानी की 21 मार्च को बॉलीवुड की एक्ट्रेस रानी मुखर्जी अपना 48वां जन्मदिन मना रही हैं। रानी मुखर्जी बॉलीवुड की सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। 16 साल की उम्र से एक्टिंग की शुरू करने वाली रानी मुखर्जी ने रिजेक्शन से लेकर स्टारडम तक का लंबा समय तय किया है। एक्ट्रेस दमदार फिल्मों, चर्चित रिश्तों और आदित्य चोपड़ा संग शादी तक उनकी जिंदगी कई अहम और दिलचस्प मोड़ों से भरी रही। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर रानी मुखर्जी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में... कोलकाता में 21 मार्च 1978 को रानी मुखर्जी का जन्म हुआ था। वह एक फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखती हैं। इनके पिता का नाम राम मुखर्जी था, जोकि फिल्म निर्देशक थे। लेकिन इसके बाद भी रानी मुखर्जी को फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी थी। हालांकि यह बात बहुत कम लोग जानते हैं कि रानी मुखर्जी एक्ट्रेस नहीं बल्कि फैशन डिजाइनिंग में करियर बनाना चाहती थीं। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। ऐसे में धीरे-धीरे रानी की दिलचस्पी फिल्मों की ओर बढ़ी और उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। बता दें कि रानी की पहली फिल्म हिंदी नहीं बल्कि बंगाली फिल्म बियेर फूल थी। जिसको रानी के पिता ने निर्देशित किया था। बॉलीवुड में रानी मुखर्जी ने फिल्म राजा की आएगी बारात से कदम रखा था। रानी की अलग आवाज, दमदार एक्टिंग और डस्की लुक ने रानी मुर्खजी को बाकी अभिनेत्रियों से अलग पहचान दिलाई थी। रानी ने अपने करियर में कई यादगार फिल्में दी थीं। फिल्म गुलाम में आमिर के साथ रानी की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। वहीं फिल्म कुछ कुछ होता है में शाहरुख खान और काजोल के साथ रानी मुखर्जी की भूमिका ने उनको स्टार बना दिया था। फिल्म वीर जारा, ब्लैक और पहेली जैसी फिल्मों ने रानी मुखर्जी के अभिनय को नई ऊंचाई दी थी। रानी मुखर्जी ने अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे थे। लेकिन उन्होंने हर बार शानदार वापसी की थी। जब लोगों को लगा कि रानी का करियर खत्म हो गया, लेकिन उन्होंने फिल्म मर्दानी में पुलिस अफसर शिवानी शिवाजी राव का किरदार निभाकर सबको हैरान कर दिया था। एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की पर्सनल लाइफ भी काफी चर्चा में रही। उन्होंने साल 2014 में आदित्य चोपड़ा से शादी की थी। जिससे पूरा बॉलीवुड चौंक गया था। लंबे समय से रानी और आदित्य के रिश्ते को लेकर चर्चाएं होती रहीं। लेकिन उन्होंने हमेशा इसको निजी रखा। रानी ने अपनी मेहनत और टैलेंड के दम पर खुद को इंडस्ट्री में स्थापित किया था। आज भी रानी मुखर्जी अपने दमदार किरदारों के जरिए लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं और रानी नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं।

# कभी खुशी कभी गम का सीक्वेल ला रहे हैं करण जौहर?



नई दिल्ली। करण जौहर अपनी सफल फिल्मों स्टूडेंट ऑफ द ईयर और हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया ) जैसी फिल्मों का सीक्वल ला चुके हैं। इसके अलावा वह जल्द ही प्रियंका चोपड़ा की सुपरहिट फिल्म दोस्ताना के सीक्वल पर भी काम शुरू करने वाले हैं।हालांकि, इसी बीच पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर यह खबर तेजी से वायरल हो रही थी कि वह अपनी कल्ट फिल्म कभी खुशी कभी गम (च3त्र) का सीक्वल लाने की प्लानिंग भी कर रहे हैं। अब इन खबरों पर खुद निर्देशक और निर्माता करण जौहर ने रिएक्ट करते हुए यह कन्फर्म कर दिया है कि वह शाहरुख खान और काजोल की इस सुपरहिट फिल्म का सीक्वल लेकर आ रहे हैं या नहीं। साल 2001 में रिलीज हुई करण जौहर की आइकॉनिक फिल्म कभी खुशी कभी गम में शाहरुख खान और काजोल के अलावा अमिताभ बचन, जया बचन, ऋतिक रोशन, करीना कपूर और रानी मुखर्जी जैसे सितारों ने भी अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म से 90 और 2000 के दशक के बचों की कई सुनहरी यादें जुड़ी हुई हैं। हाल ही में इस फिल्म के सीक्वल पर हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत के दौरान करण जौहर ने कहा, मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे यह प्लेटफॉर्म मिला है। मैं यह क्लियर करना चाहता हूं कि कभी खुशी कभी गम का सीक्वल नहीं बन रहा है और न ही तख्त को लेकर अभी कोई चीज आगे बढ़ी है। मैं कभी खुशी कभी गम का सीक्वल नहीं बनाऊंगा... कभी भी नहीं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह मेरे द्वारा बनाई गई सबसे बेस्ट फिल्म है। हर फिल्म की अपनी खामियां होती हैं, लेकिन कभी खुशी कभी गम के साथ ढेर सारी अछी कहानियां जुड़ी हुई हैं। इस फिल्म को देखते हुए कई पीढ़ियां बड़ी हुई हैं। उन्हें क्या पसंद आया, क्या नहीं, वे रोए या नहीं, मुझे पता नहीं, लेकिन वे अभी भी इस फिल्म को उतना ही प्यार करते हैं।करण जौहर ने बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहा, मैं यूनिवर्स का बहुत आभारी हूं कि मैंने एक ऐसी फिल्म बनाई, जो आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है... मैं इस चीज से बहुत खुश हूं। मैं कभी भी उस प्यार और उन पुरानी यादों से छेड़छाड़ नहीं करूंगा, क्योंकि अगर मैंने ऐसा किया, तो मैं कभी खुशी कभी गम के सीक्वल के नाम पर खुद को मुसीबत में डाल लूंगा। करण जौहर ने कभी खुशी कभी गम के सीक्वल पर तो सफाई दी ही, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनकी मल्टीस्टारर फिल्म तख्त अभी नहीं बन रही है, लेकिन वह इस प्रोजेक्ट को लेकर पूरी तरह से कमिटेड हैं।

# सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाई गई ईद

## देश की तरक्की और खुशहाली की मांगी दुआ





गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

मुस्लिम समुदाय ने ईदुल फित्र यानी मीठी ईद का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हुए एकता भाईचारे का संदेश दिया। रमजान के एक महीने के रोजा रखकर कठिन तपस्या के बाद मुस्लिम भाईयों ने राजीव वार्ड स्थित ईदगाह में सामूहिक रूप से ईद की नमाज पढ़ी। जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज जुबेर आलम साहब ने ईदगाह में ईद की नमाज अदा कराते हुए तकरीर में कहा कि साहिबे हैसियत वाले लोग दिल से गरीबो की मदद करे उनकी मदद से गरीब के चेहरे पर जो खुशी दिखाई देती है वह खुशी ईद जैसी होती है । जुबेर आलम साहब ने देश की तरक्की, खुशहाली, अमन, एकता, भाईचारे के लिए दुआएं की। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के हजारों लोगों ने ईद की नमाज अदा कर रब को याद किया।

### गले मिलकर दी बधाई

ईद का यह त्योहार आपसी मोहब्बत भाईचारा और एकता का संदेश देता है पुराने गिले शिकवे भूलकर लोग एक-दूसरे से गले मिलकर रिश्तों को मजबूत करते हैं। ईद पर मीठी सेवइयां पकवानों की खुशबू ईद के त्योहार को और खुशनुमा बना देती है। ईद के दिन सुबह से ही लोग नये वस्त्र पहनकर ईदगाह ओर मस्जिद ईद की नमाज अदा करने पहुँचे ।

नगर में दिन भर ईद की बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। लोगो ने एक दूसरे के घर पहुँचकर सेवईया का लुफ्त उठाते हुए ईद के पर्व को सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाया ।

### भाईचारे का पैगाम

ईद की नमाज के बाद जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने संबोधित करते अहले वतन को ईद की मुबारक बाद देते हुए कहा कि ईद का पर्व हमे मोहब्बत एकता भाईचारे का पैगाम देता है। हम लोग सभी पर्व मिलजुलकर मनाये । अबरार खान ने स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर पालिका के सहयोग के प्रति आभार जताया। ईदगाह मे नमाज पढ़ने के उपरांत सभी मुस्लिम भाई कब्रिस्तान पहुंचे और वहां पर उन्होंने इत्र खुशबू, फूल, अगरबत्ती पेश कर मरहूमों के हक में दुआएं की। ईद की नमाज जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद और फैजाने मदीना मस्जिद में भी पढ़ाई गई। सभी मस्जिदों में ईदगाह की नमाज के उपरांत ईद की नमाज पढ़ी गई । यहा पर भी बेहतर व्यवस्थाएं की गई थी।

### केबिनेट मंत्री का किया स्वागत

जामा मस्जिद कमेटी व मुस्लिम समाज ने स्कूल शिक्षा परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह को ईद एवं चैत्र नवरात्र पर्व की बधाई देते हुए चुनरी भेंट कर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।

### पुलिस बल रहा तैनात

मस्जिदों व ईदगाह के पास प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा पुलिस बल तैनात रहा। ईदगाह के समक्ष मुस्लिम विकास परिषद के मेंहमूद पहलवान अब्दुल फिरोज खान , भाजपा नेता सत्तार खान , आशिक हुसैन, फारूक खान, आशिक अली, शाहिद ठेकेदार, मुजीब खान, लकी अली ने सभी लोगो को ईद की मुबारक बाद दी। ईदगाह के सामने प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार प्रियंका नेताम, नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान, नगर पालिका व राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर करार महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



नगर करार महिला मंडल का गठन किया गया।पूर्व कार्यकारिणी के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कार्यकारिणी गठित की गयी।होटल अमर पैलेस में अध्यक्ष पद पर सरिता राय,उपाध्यक्ष रेणु?जायसवाल ,सचिव रिंकी राय,कोषाध्यक्ष कामिनी राय को सुशोभित किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया ।सभी?नये पदाधिकारियों ने समाज हित में कार्य करने की शपथ ली और पूर्व पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए उनसे सहयोग करते रहने की आशा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन स्वाति जायसवाल ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रतिभा राय द्वारा तैयार की गयी। संरक्षक आरती राय , अर्चना राय को घोषित किया गया। पूर्व अध्यक्ष प्रीति राय द्वारा आभार व्यक्त करते हुए श्री कार्यकारिणी से उनसे भी अधिक बढ़-चढ़ कर अच्छे अच्छे कार्य करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर नीता राय,पुष्पा राय,रत्ना राय,दुर्गा राय,ज्योत्स्ना राय,साधना राय,किरण राय,सचि चौकसे,लता राय, नेहा राय,रौशनी राय,रजनी राय,रजनी भरत राय,रीना राय,रुबी राय सभी ने अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

संरक्षक अर्चना राय ने विदेश में रहते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की ।कार्यक्रम को संपन्न एवं सफल बनाने के लिए स्वाति जायसवाल , प्रतिभा राय को धन्यवाद दिया गया।

# नरसिंह आनंद क्लब हुआ सम्मानित



**नरसिंहपुर।** अंतराष्ट्रीय खुशहाली दिवस पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान ,आनंद विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में जिला कलेक्टर के अनुमोदन पर नरसिंहपुर में संचालित नरसिंह आनंद क्लब को जिले में प्रथम स्थान पर सम्मानित किया गया। नरसिंह आनंद क्लब की अध्यक्ष मुक्ति राय, मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र चंदेल, आनंदक शशिकांत मिश्र, सत्यम नेमा और अमित नामदेव ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ष भर की गई आनंद विभाग के निर्देशानुसार गतिविधियों को पूरे जिले के विभिन्न स्थानों नगर और ग्रामों में संचालित की। कार्यक्रम में म.प्र. राज्य आनंद संस्थान से मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष गुप्ता, निर्देशक सत्य प्रकाश आर्य, समस्त राज्य आनंद संस्थान टीम सहित हरिद्वार से स्वामी मधुसूदन महाराज, भारतीय नैतिक चरित्र निर्माण दिल्ली से स्वामी रामकृष्ण गोस्वामी, हैदराबाद से सुब्रमण्यम शंकर जी सहित अपने व्याख्यान से आनंदकों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम आर. सी. व्ही. पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में आयोजित किया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से जल संवाद एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 'जल शक्ति से नव भक्ति' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा, नवांकुर संस्थाओं, वार्ड विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, विद्यार्थियों एवं सामाजिक संगठनों ने अपनी सहभागिता दी।

जिला समन्वयक श्री शर्मा ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या के रूप में उभर रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह जल का संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करे। इस दौरान उन्होंने जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर बढ़ाने तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण सामूहिक शपथ ग्रहण रहा, जिसमें उपस्थित सभी प्रतिभागियों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे जल का दुरुपयोग नहीं करेंगे, जल बचाने के उपाय अपनाएंगे तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं, छात्र-छात्राओं एवं वार्ड विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों मौजूद थे। प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा करते हुए जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

यह आयोजन नवांकुर संस्था सुदर्शन जन कल्याण समिति बम्होरी- तिन्दनी एवं जय ज्वाला शिक्षा प्रचार-प्रसार समिति नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जल के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है और उन्हें संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा 'जल गंगा संवर्धन अभियान' को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे।

## प्रहलाद सिंह पटेल ने नरसिंहपुर में विकास कार्यों पर की चर्चा

**नरसिंहपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शनिवार को सर्किट हाउस नरसिंहपुर में बैठक लेकर प्रस्तावित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों पर चर्चा की। बैठक के दौरान मंत्री श्री पटेल ने शहर के प्रमुख प्रस्तावित अधोसंरचनात्मक कार्यों पर विशेष ध्यान देते हुए गुलाब चौराहा से प्रारंभ होकर गांधी चौराहा, नगर पालिका चौराहा, सुभाष पार्क चौराहा होते हुए बाहरी रोड से सांकल चौराहा से सुनका चौराहा होते हुए मुशरान पार्क चौराहे तक प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण, मगरधा आरओबी निर्माण, नरसिंहपुर में रिंग रोड निर्माण पर विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने नरसिंहपुर से कपूरी मार्ग को व्यवस्थित करने, शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, नरसिंहपुर से जुड़ने वाली सड़कों के चौड़ीकरण एवं दुरुस्तीकरण तथा नरसिंहपुर-सांकल मार्ग के चौड़ीकरण के कार्यों पर चर्चा की।

# जल संरक्षण व स्वच्छता के लिए जनसहभागिता जरूरी

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुनर्जीवन कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता और जल संरक्षण में सहभागी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नए-नए प्रयोग किए जाने की आवश्यकता है।

उक्ताशय के विचार मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल शनिवार को जनपद पंचायत नरसिंहपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मगरधा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सिंगरी नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम में व्यक्त किए। मंत्री श्री पटेल, कलेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों व गणमान्य नागरिकों ने सिंगरी नदी के उत्तर एवं दक्षिण तट पर स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए नागरिकों को स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, श्री रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, श्री सुनील कोठारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को हमेशा साफ सफाई करना चाहिए उन्हें इस नेक कार्य में संकोच नहीं करना चाहिए और गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया और कहा कि सेवा कार्य स्वयं का संकल्प होता है, इसमें संख्या नहीं बल्कि भावना महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में अभी इतने लोग जुड़े हैं, लेकिन आने वाले समय में इससे भी अधिक संख्या में नागरिक शामिल होंगे। यदि सब मिलकर काम करेंगे तो स्वच्छता की दिशा में हम आगे बढ़ेंगे।

मंत्री श्री पटेल ने सिंगरी नदी के पुनर्जीवन कार्य को निरंतर जारी रखने पर जोर देते हुए कहा कि इसके साथ ही जनजागरूकता भी आवश्यक है। लोगों को नदी में कचरा न डालने के लिए प्रेरित करें और इस दिशा में सतत प्रयास करें। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सिंगरी नदी के पुनर्जीवन का कार्य लंबे समय से जारी है और आगामी विक्रम संवत तक प्रयास रहेगा कि मां नर्मदा का शुद्ध जल सिंगरी नदी में प्रवाहित होता दिखाई दे। उन्होंने सरपंचों से अपील की कि वे सीईओ जिला पंचायत के साथ समन्वय कर इस कार्य योजना को प्राथमिकता दें।

# पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संयुक्त संचालक जबलपुर ने किया जिले का भ्रमण

## जिले में क्षीरधारा व हिरण्यगर्भा अभियान सहित विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

संयुक्त संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग संभाग जबलपुर ने जिले के विभिन्न ग्रामों में क्षीरधारा व हिरण्यगर्भा अभियान के अंतर्गत गौशालाओं, पशु चिकित्सा संस्थाओं व जिला कार्यालय का निरीक्षण शनिवार को किया। उन्होंने जिले में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

संयुक्त संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग संभाग जबलपुर ने क्षीरधारा अभियान के अंतर्गत ग्राम पोनिया विकासखंड गोटेगांव का भ्रमण किया। यहां बताया गया कि कुल 271 गौवंश एवं भैंसवंश हैं। ग्राम में अभियान का बेस लाइन सर्वे कार्य जारी है एवं 20 पशुओं में टैगिंग की गई। शनिवार तक ग्राम में 22 एआई टैग लगाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। एफएमडी टीकाकरण माह अप्रैल 2026 में प्रस्तावित है। निकटतम पशु चिकित्सा संस्था के स्थानीय अमले वा नोडल अधिकारी एव्हीएफओ श्री दीपक अग्रवाल द्वारा उक्त कार्य नियमित रूप से संपादित किए जा रहे हैं

इसी तरह उन्होंने हिरण्यगर्भा अभियान के तहत जिले के विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम बगासपुर में एमजीएसवाय गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुल 102 पशु पाए गए। गौशाला में कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण तथा गर्भपरीक्षण संबंधी कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तहत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले को प्राप्त कुल 10 लक्ष्य के विरुद्ध 73 आवेदन पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त किए जा चुके हैं, जिनमें से 26 प्रकरणों में एसएलसीसी समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त किया जा चुका है तथा समस्त प्रकरण बैंकों द्वारा ऑनलाइन प्राप्त कर लिए गए हैं। इसके साथ-साथ 08 प्रकरण सिद्धांतिक स्वीकृत एवं एक प्रकरण स्वीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने विभागीय गतिविधियों, हितग्राहीमूलक योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने, लंबित पेंशन व अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## महाराष्ट्र समाज सिवनी गुड़ी पड़वा का कार्यक्रम संपन्न

***सिवनी।*** *महाराज समाज के तत्व धन में दिनांक 19 मार्च 2026 को गुड़ी पड़वा का कार्यक्रम कृष्ण लाल शिवानी में संपन्न हुआ जिसमें लगभग 150 सदस्यों ने सहभागिता की, कार्यक्रम का प्रारंभ रामचंद्र जी के प्रतिमा के सामने दीप प्राजूलन से हुआ, तत्पश्चात सामूहिक भजन संध्या का आयोजन किया गया एवं आरती कार्य पूर्ण होने के बाद छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रामचंद्र सीता की झांकी प्रस्तुत की गई साथ ही सभी बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हुआ, कार्यक्रम में एक से एक अच्छी प्रस्तुति दी गई । जिसमें इसमें सातवीं के छात्र सत्यम द्वारा सत्यम द्वारा एक नृत्य प्रस्तुति की गई जो की सभी लोगों द्वारा बहुत सराही गई।*

# ईद-उल-फितर शांति व भाईचारे के साथ संपन्न, मुस्लिम समुदाय ने अदा की नमाज

सिवनी (स्वतंत्र मत)।



जिले भर में ईद-उल-फितर का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, अमन-चैन और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित ईदगाह एवं मस्जिदों में जाकर नमाज़ अदा की और देश व प्रदेश की खुशहाली, तरक्की तथा आपसी सौहार्द के लिए दुआएं मांगी।

शहर के राज्य परिवहन बस स्टैंड स्थित मस्जिद नूर अंबिया के सामने मैदान में भी बड़ी संख्या में नमाजियों ने एकत्र होकर ईद की विशेष नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देखने को मिला।

ईद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन द्वारा जिले भर में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। वहीं नगरपालिका परिषद द्वारा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

इस अवसर पर नगरपालिका परिषद, क्षेत्रीय पार्षदगण, पुलिस प्रशासन तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी पत्रकार बंधुओं का सूफी सामाजिक कार्यकर्ता सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी एवं बस स्टैंड सिवनी कमेटी के सदस्यों-शोएब भाई, नौशाद भाई, बाबा भाई, जिशान भाई, नाजिम भाई, मोहसिन भाई, नौशान भाई, नब्बू भाई, अहसान भाई, जुनेद भाई एवं नूर अली शाह-द्वारा हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## लौह पुरुष, सरदार बल्लभ भाई पटेल के प्रतीक चिन्हों को लेकर

# भारत भ्रमण पर सरदार पटेल एकता यात्रा गुजरात से निकाली गई

**सिवनी।** लौह पुरुष, सरदार बल्लभ भाई पटेल के प्रतीक चिन्हों को लेकर भारत भ्रमण पर सरदार पटेल एकता यात्रा गुजरात से निकाली गई है।

उपरोक्त रथ यात्रा में वल्लभभाई पटेल की स्मृतियां भी विराजमान है जिसमें ओरिजिनल 3 किलो सोने का स्तंभ जिसे रजवाड़े द्वारा उनको सम्मान में दिया गया था, जो रथ में बुलेट प्रूफ शीशे के अंदर रखा हुआ है साथ में उनकी चरण पादुका जिसे पटेल साहब पहनते थे, उनके जल का लोटा जिससे वह पानी पिया करते थे और साथ में उनकी संदूक जिसके अंदर उनकी स्मृतियां विराजमान है।

सरदार पटेल के प्रतीकों को लेकर रथ यात्रा गुजरात एवं मध्यप्रदेश विभिन्न जिलों का भ्रमण करते हुए 23 मार्च को छिंदवाड़ा होते हुए सुबह 11.00 बजे सिवनी जिला में प्रवेश करेगी। हम सभी लोग सरदार पटेल एकता यात्रा का स्वागत सिवनी शहर के शुरू में छिंदवाड़ा रोड बाईपास चौक में भागीरथ ट्रेक्टर के सामने करेंगे एवं इसी स्थान से रथ यात्रा के साथ अपने वाहन फोर एवं टु व्हीलर पर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा शहर में निकालने जा रहे हैं।

रथयात्रा का मार्ग भागीरथ ट्रेक्टर छिंदवाड़ा रोड से प्रारंभ होकर, शंकराचार्य चौक, शंकर मढिया, नगरपालिका, कचहरी चौक, गणेश चौक, डूंडा सिवनी चौक से सात फेरे लान मंडला रोड में सभा और शोभायात्रा का समापन होगा, इसके पश्चात यात्रा बालाघाट के लिए प्रस्थान करेगी। शोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह पर सरदार पटेल के अनुयायियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

अतः आप सभी लोगों से निवेदन है कि आप लोग इस यात्रा में शामिल होकर सरदार पटेल के प्रतीकों के दर्शन करें एवं यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का कष्ट करें।

## सीएनजी कार मे लगी आग, डाक्टर की पत्नी मृत

***सागर ( वार्ता )।*** *मध्यप्रदेश के सागर जिले के सानौधा थाना क्षेत्र अंतर्गत चनाटौरिया टोल प्लाजा के नजदीक एक सीएनजी कार में आग लगने से एक चिकित्सक की पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच में ले लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मौके पर एफएसएल टीम ने मुआयना किया। सानौधा थाना प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गढाकोटा निवासी डॉक्टर नीलेश कुर्मी पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज तड़के उसकी पत्नी सीमा पटेल (34) को सीने में दर्द की शिकायत के बाद सागर मकरोनिया स्थित निजी अस्पताल उपचार के लिए कार से लाया जा रहा था। साथ में दो किराएदार भी कार में सवार थे। चनाटोरिया स्थित टोल टैक्स प्लाजा के नजदीक कोहरा होने के कारण कार बहक गई और सड़क से नीचे उतर गई। कार में सवार दोनों युवकों ने उतरकर कार को पीछे धकेलने का प्रयास किया गया तो कार में आग लग गई और विस्फोट हो गया।*

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में ग्रामीण विकास को मिल रही है गति : राज्यमंत्री पंवार

## ब्यावरा के ग्राम लखनवास में किया 26.79 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि-पूजन



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने शनिवार को विभिन्न कार्यों का भूमि-पूजन एवं शिलान्यास किया। ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लखनवास को उन्होंने 26 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत के विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ग्रामीण विकास के प्रति संकल्पित होकर उन्हें सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में लखनवास से दूधिया दीवान (नरसिंहगढ़) मार्ग (7.70 किलोमीटर) के उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस सड़क के विकसित होने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी, साथ ही व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान बनेगी। साथ ही ग्राम लखनवास में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया। जिससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत गांगाहोनी, आमडोर, पाडलीगुसाई, लखनवास, सीलखेड़ा, भंवास, पातलापानी, तरेना, बगवाज, बेरियाखेड़ी, सेमलापार, टोडी, चुकल्या, खेजड़ामहाराजा, कुंडीखेड़ा, आगर एवं सुंदरपुरा में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी किया गया। इन कार्यों से ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

# ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाएगी कांग्रेस

## बाकल में अमर शहीद रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा के अनावरण समारोह में पहुंचे पीसीसी चीफ





## लाड़ली बहनों के साथ छल किया भाजपा सरकार ने : जीतू पटवारी

कटनी (स्वतंत्रमत)

भाजपा विधानसभा चुनाव से पूर्व लाडली बहना योजना के नाम पर प्रदेश की माता बहनों के साथ छल किया और सत्ता पर काबिज हो गई भाजपा के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहनों को 3000 रु. प्रति माह देने का वादा किया था बहनों ने भी भाजपा को आशीर्वाद देते हुए सत्ता की चाबी सौंप थी लेकिन बहनों को केवल अभी 1500 रु. दिया जा रहा है जो उनके साथ छल है इसके आलावा राज्य में लगभग चार करोड़ महिलाओं की संख्या है लेकिन योजना से लाभान्वित केवल एक करोड़ महिलाओं किया जा रहा है यह आरोप कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने लगाए हैं वे जिले की बहोरीबंद विधानसभा के पिपरिया बाकल में अमर शहीद रानी अवंती बाई लोधी के भव्य प्रतिमा अनावरण समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। दोपहर करीब 2 बजे जीतू पटवारी का हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर उतरा जहां जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह के नेतृत्व में जिले के कांग्रेस नेताओं ने पटवारी का भव्य स्वागत के साथ अगवानी की। पीसीसी चीफ पटवारी पहले अमर शहीद रानी अवंती बाई लोधी के भव्य प्रतिमा का विधिवत पूजन करने के उपरांत अनावरण किया।

### किसान का दर्द मैं जनता हूं वह कर्ज में है

जीतू पटवारी ने पिपरिया बाकल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं किसान के दर्द को जानता हूं वह कर्ज में है। भाजपा सरकार ने 2022 तक किसान की आय को दोगुना करने का वादा कर 20 वर्षों से सत्ता में है और पिछले चुनाव में धान का समर्थन मूल्य 3100 रु प्रति क्विंटल एवं गेहूं को 2700 रु प्रति क्विंटल खरीदने का संकल्प लिया था परंतु अब तक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं दे पाई। मैं चुनौती देता हूं भाजपा का कोई भी नेता आकर मुझे दिखाए कि किसानों को एमएसपी का लाभ दिया है।

### राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना के लिए सरकार को झुकाया

जीतू पटवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने समाज के हर वर्ग को उसकी हिस्सेदारी के अनुपात पर लाभ देने की मंशा से जातिगत जनगणना की आवाज उठाई लेकिन ओबीसी वर्ग के भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी की आवाज को बुलंद करने की बजाय दबाने की कोशिश की जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुरी भाजपा ने राहुल गांधी को गालियां दी इसका विरोध किया लेकिन लगातार गरीब की पहचान करने के लिए जातिगत जनगणना देश में कराए जाने राहुल गांधी आवाज उठाते रहे अंत में भाजपा की केंद्र सरकार को झुकना पड़ा और जातिगत जनगणना कराने की घोषणा करनी पड़ी लेकिन इनकी मंशा साफ नहीं है ये अभी भी जातिगत जनगणना ठीक से होने नहीं देना चाहते। जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि इस बार हमें किसानों की सरकार कांग्रेस की सरकार बनानी है मैं विश्वास दिलाता हूं राज्य में और देश में अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो मैं आपके लिए काम करूंगा। पटवारी ने भावुकता के साथ कहा कि लोधी समाज किसान है और ओबीसी वर्ग से आता है और मैं भी ओबीसी वर्ग से आता हूं इसलिए मुझे आप गोद ले लो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं मैं लोधी समाज के लिए उनके हक अधिकार के लिए काम करूंगा आपको कभी मायूस नहीं होने दूंगा। पटवारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने लोधी समाज को भी ठगा है विधानसभा चुनाव से पूर्व प्रदेश के लोधी समाज के प्रमुख नेताओं में पहचान स्थापित करने वाले नेता कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल को मुख्यमंत्री बनाने का सपना दिखाकर पूरी समाज का समर्थन लिए और बाद में उन्हें ठेंगा दिखा दिया। रानी अवंती बाई लोधी की भव्य प्रतिमा अनावरण समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती ने कहा की जनता अगर कांग्रेस को आशीर्वाद देते हुए राज्य एवं देश में सत्ता पर कराती है तो कांग्रेस ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में लोधी समाज को ओबीसी की सूची में शामिल नहीं किया गया हमने ज्ञापन दिए लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोधी समाज को महाराष्ट्र में ओबीसी की मान्यता नहीं दिलाई। लोधी समाज पर प्रदेश में कई बार अन्याय हुआ परंतु लोधी समाज के बड़े नेता उमा भारती, प्रहलाद पटेल सहित अन्य ने उन्हें न्याय दिलाने की जगह मौन धारण कर लिया, जबकि जीतू पटवारी और कांग्रेस ने न्याय दिलाने लड़ाई लड़ी।

### जातिगत हिस्सेदारी से होगा सभी का कल्याण

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज ये हालात हैं कि प्राइवेट स्कूल में एक विषय के दो टीचर हैं और सरकारी स्कूल में एक शिक्षक के भरोसे 5 कक्षाएं ऐसे में भला हमारा बच्चा क्या पढ़ेगा उसे कैसे रोजगार मिलेगा। हमारे नेता देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसी परिकल्पना से सही तरीके से जातिगत जनगणना की मांग करते आए हैं। जातिगत हिस्सेदारी से हर समाज का कल्याण होगा। भैरों बापू सिंह तंवर विधायक सुसनेर, ओबीसी महासभा अध्यक्ष राकेश लोधी, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुशवाहा सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया। इस अवसर परशहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, धर्मेन्द्र कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर, विजय पटेल, नीरज बघेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. के एल जैन, राकेश जैन, अंशु मिश्रा, राजा जगवानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, संतोष पटेल, आंनद मिश्रा, छोटू सिंह बघेल, शरद द्विवेदी, नदीम खान, सुशील जायसवाल, नरेंद्र पौराणिक, सादिक खान, अजय गर्ग, ताम सिंह पटेल, गणेश नारायण गुप्ता, शक्ति तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। हैलीपेड और सभा स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीओपी आंकाक्षा चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव, बहोरीबंद थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, स्लीमनबाद थाना प्रभारी सुदेश सुमन, बाकल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में कटनी टॉप-10 में



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** आमजन की शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक निराकरण के क्षेत्र में कटनी जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सीएम हेल्पलाइन के प्रदर्शन के आधार पर जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में टॉप-10 में शामिल होकर आठवां स्थान अर्जित किया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के सतत अनुश्रवण और प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते जिले ने 81.66 कुल वेटेज स्कोर हासिल करते हुए (ए) ग्रेड प्राप्त किया है। यह उपलब्धि प्रशासनिक दक्षता और शिकायतों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम मानी जा रही है। कटनी जिले ने बीते फरवरी माह में प्राप्त 7,213 शिकायतों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिकायतों के निपटारे में और अधिक संवेदनशीलता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि जिले की रैंकिंग में और सुधार हो सके। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक समाधान ही प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास मजबूत करता है, इसलिए इस दिशा में निरंतर गंभीर प्रयास जरूरी हैं। जिले के विभिन्न विभागों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ए ग्रेड हासिल किया है- पुलिस विभाग को अपने समूह में 12वां स्थान, 812 शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के साथ 50.69 वेटेज स्कोर एवं 82.83 कुल वेटेज स्कोर के साथ (ए) ग्रेड और जिला पंचायत को 9वां स्थान, 50.35 वेटेज संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का और कुल वेटेज 86.02स्कोर के साथ (ए) ग्रेड तथा नगर निगम ने 7वां स्थान प्राप्त करते हुए 589 शिकायतों का 52.67 वेटेज स्कोर के साथ संतोषजनक निराकरण किया और 91.11 वेटेज स्कोर के साथ (ए) ग्रेड हासिल किया है। कलेक्टर ने इन सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखने की अपेक्षा की है।

## हिंदू नववर्ष व चैत्र नवरात्र पर मिष्ठान का वितरण



कटनी (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ-कटनी द्वारा चैत्रशुक्ल प्रतिपदा हिंदू नववर्ष तथा चैत्र नवरात्र के अवसर पर कटनी के हृदय स्थल सुभाष चौक में तिलक लगाकर एवं दिया जलाकर मिष्ठान वितरण द्वारा पर्व मनाया गया एवं सभी उपस्थित साथियों तथा नगर वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम के आयोजन में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ कटनी के गणेश शंकर गर्ग, सुरेश पांडे, शिव कुमार सोलंकी, मनीष दीक्षित सचिव, संजय अग्रवाल राज्य कर्मचारी संघ, रमाशंकर तिवारी, आजाद अध्यापक संघ, प्रदीप तिवारी, अजय चतुर्वेदी, मनीष सोनी, विनय गुप्ता, शिव गोविन्द गौतम, गणेश चौरीहा, विजेंद्र बसक, वीरेन्द्र सिंह लोधी, पुष्पराज पटैल, पीयूष त्रिपाठी एवं रोहित तिवारी सहित अन्य पदाधिकारीयो सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# प्रियांश जैन राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित

## भोपाल संगोष्ठी में आनंद क्लबों का सम्मान, सेवा और सकारात्मकता की मिसाल बना कटनी

कटनी (स्वतंत्रमत)

विजयराघवगढ़ अंतरराष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल में आयोजित आनंद के आयाम राष्ट्रीय संगोष्ठी एक भावनात्मक और प्रेरणादायक आयोजन बनकर उभरी जहाँ खुशहाली को केवल शब्द नहीं बल्कि जीवन का उद्देश्य मानकर उसे समाज के हर व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल भौतिक विकास तक सीमित नहीं है बल्कि हर व्यक्ति के जीवन में सच्ची खुशहाली और संतुलन लाना है। उन्होंने कहा कि सेवा सहयोग और सकारात्मक सोच ही वह मार्ग है जो समाज को वास्तविक आनंद की ओर ले जाता है। संगोष्ठी के दौरान प्रदेशभर से आए विभिन्न आनंद क्लबों के प्रतिनिधियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कटनी जिले के विजयराघवगढ़ से डॉ. शारदा प्रसाद साहू आनंद क्लब के प्रतिनिधि प्रियांश जैन को मंच पर सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण बन गया। इस अवसर पर क्लब के



उपाध्यक्ष चन्द्रभान पाल की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। डॉ. शारदा प्रसाद साहू आनंद क्लब समाज में सकारात्मक सोच सेवा भावना और आनंदमयी जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सतत कार्य कर रहा है। यह क्लब राहत समर्पण सेवा समिति की प्रेरणा से स्वास्थ्य शिक्षा महिला सशक्तिकरण पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय खुशहाली दिवस पर मिला यह सम्मान न केवल एक उपलब्धि है बल्कि समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत भी है। यह सम्मान इस बात का प्रतीक है कि जब सेवा और समर्पण की भावना सच्ची हो, तो उसकी गूंज प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय मंच तक सुनाई देती है।

# कटनी पुलिस की सघन कॉम्बिंग गश्त

## फरार वारंटियों पर कसा शिकंजा, असामाजिक तत्वों की व्यापक जांच

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में 19-20 मार्च की दरमियानी रात्रि से प्रातः काल तक पूरे जिले में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। यह अभियान जिले के चारों अनुभागों में संबंधित अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों (डीएसपी) के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें सभी थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की सक्रिय सहभागिता रही। अभियान का मुख्य उद्देश्य फरार वारंटियों की गिरफ्तारी, असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण, निगरानी बदमाशों की गतिविधियों का सत्यापन तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना रहा। 112 से ज्यादा वांरटों को कराया गया तामील, इनमें



से 29 फरार स्थायी वारंट, 54 गिरफ्तारी वारंट, 29 जमानती वारंट एवं 52 समंस तामील किये कॉम्बिंग गस्त के दौरान जिले में 45 से अधिक गुंडा बदमाशों को चेक किया एवं 50 से अधिक निगरानी बदमाशों को चेक कर उनकी जीवन यापन के तौर तरीकों को जाना। अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कम्बिंग गस्त के दौरान कुल 06 आरोपियों के विरुद्ध 06 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिए गए। कटनी पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त किये गये। धारा 170 बीएनएसएस की कार्यवाही-परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 06 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा 126,135 बीएनएसएस की कार्यवाही- परिशांति कायम रखने हेतु 98 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा 129 बीएनएसएस की कार्यवाही- परिशांति कायम रखने हेतु 17 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। रात्रि गस्त के दौरान पुलिस ने पैदल व मोबाइल वाहन से भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन की चेकिंग की। इसके साथ ही होटल, ढाबों, लॉज, विवाह घरों को भी अवैधानिक गतिविधि की दृष्टि से चैक किया गया। कटनी पुलिस के द्वारा गुण्डे, बदमाशों, वारंटियों असामाजिक तत्वों एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियो के विरूद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# उमड़ा आस्था का जनसैलाब, गले मिलकर दी ईद-उल-फितर की मुबारकबाद

कटनी (स्वतंत्रमत)

पवित्र रमजान माह के समापन के साथ ही ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को कटनी शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी श्रद्धा, अकीदत और उल्लास के साथ मनाया गया। महीने भर के रोजों और इबादत के बाद मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने मस्जिदों और ईदगाहों में पहुंचकर विशेष नमाज अदा की। इस दौरान खुदा की बारगाह में सजदे में झुके हजारों सिरों ने देश की तरक्की, कौम की खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। शनिवार सुबह से ही मुस्लिम धर्मावलंबी सफेद लिबास पहनकर और इत्र की खुशबू में सराबोर होकर नमाज अदा करने निर्धारित स्थलों पर पहुंचने लगे थे। शहर की बड़ी ईदगाह में मुख्य नमाज हाफिज एनुलहक इमाम साहब द्वारा अदा कराई गई। नमाज के दौरान अनुशासन और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जहां ईदगाह परिसर छोटा पड़ गया और नमाजियों की लंबी कतारें सड़क और परिसर के बाहर तक नजर आईं।

**इन प्रमुख मस्जिदों में भी हुई नमाज**- शहर और उपनगरों की विभिन्न मस्जिदों में भी तय समय पर नमाज संपन्न हुई। शहर एवं मिशन चौक क्षेत्रः जामा मस्जिद ईश्वपुरी वार्ड, मिशन चौक नगीना मस्जिद, नूरी मस्जिद, वक्फ मस्जिद अल्फर्टगंज। अहमदनगर व बरगवां क्षेत्रः इस्हाकिया मस्जिद अहमदनगर, अबूजर गफ्फारी



झर्रा टिकुरिया, एक मिनारा (अजीमिया) मस्जिद बरगवां, गौसिया मस्जिद बरगवां और मंगल नगर मस्जिद। एनकेजे व आयुध निर्माणी वक्फ मस्जिद आयुध निर्माणी, जामा मस्जिद रजा नगर एनकेजे, नुरूलबशर मस्जिद एनकेजे और मदीना मस्जिद रोशन नगर।

### भाईचारे का संदेश और दुआएं

नमाज के दौरान इमामों ने इबादत की अहमियत बताते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। नमाज संपन्न होते ही फिजा (ईद मुबारक) की गूँज से भर उठी। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर त्योहार की मुबारकबाद दी। इसके बाद घरों में सेवइयों और अन्य लजीज व्यंजनों के साथ त्योहार की खुशियां मनाई गईं। बच्चों में (ईदी) को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

### प्रशासनिक मुस्तैदी और शांतिपूर्ण माहौल

ईद के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। शहर के प्रमुख चौराहों और मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में पुलिस बल की तैनाती से पूरा त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# आजाद भारत के भगत सिंह हैं सोनम वांगचुक : अंशू मिश्रा

कटनी (स्वतंत्रमत)

पिछले दिनों मेरी मुलाकात सोनम वांकचुक से हुई वांकचुक एक ख्यातिप्राप्त इंजीनियर, प्रकृति प्रेमी, सच्चे राष्ट्र भक्त और भारत माता के सपूत तो है ही इसके साथ शिक्षा सुधारक, जिन्होंने भारतीय सेना को पहाड़ियों की ठंड से बचाने के लिए सोलर हाउस जैसे अनेकों आविष्कार किए, मुख्य रूप से उन्हें शिक्षा प्रणाली में नवाचार इनोवेशन और टिकाऊ विकास के लिए जाना जाता है। वे (स्टूडेंट्स एडुकेशन एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख) के संस्थापक हैं और (आइस स्तूप) कृत्रिम ग्लेशियर तकनीक के आविष्कारक हैं। इनका यह स्कूल में स्वयं कुछ वर्ष पहले देख कर आया हूँ जिसने मुझे काफी प्रभावित किया था। मशहूर कलाकार आमिर ख़ान की फिल्म (थ्री इडियट्स) जिसने ब्लॉकबस्टर में काफी धूम मचाई थी और लोगो को वह काफी पसंद आयी थी, वाह फिल्म भी वांकचुक पर बनी थी। पिछले कुछ सालों से सोशल मीडिया पर देखता



था की सोनम वांकचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची को लेकर आंदोलनरत थे, उनका यह आंदोलन अनवरत चल रहा था, ऐसी महान शक्सीयत जिन्होंने सेना को ठंड से बचाने के लिए अविष्कार किए अनेकों प्रयास किए, देश का नाम वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध किया उस पर एन.एस.ए (राष्ट्रीय सुरक्षा एक्ट 1980) लगाकर लद्दाख जैसे ठंडे प्रदेश में रहने वाले व्यक्ति को जोधपुर की गर्म जेल में बिना किसी अपराध या किसी ठोस प्रमाण के भेज दिया गया। एक सभ्य समाज से आने वाले पढ़े लिखे व्यक्ति सोनम वांकचुक को सरकार की तानाशाही ने लगभग छह माह जेल में रखा, उस दौरान उनके और परिवार के साथ देश के ख्यातिप्राप्त अधिवक्ता समाजसेवी राज्यसभा के सदस्य विवेक तनखा ढाल बनकर परिवार के साथ खड़े रहे, सतत अदालत एवं अन्य स्तर पर उन्होंने वांखचुक की रिहाई के प्रयास किए, या कहा जाये तो उनकी रिहाई पर तनखा का अहम योगदान है। हर समय आंदोलन से लेकर जेल तक के सफर में वांकचुक की धर्मपत्नी गीतांजलि एंग्मो ने भी अदम्य साहस का परिचय दिया और कंधे से कंधा मिलकर इस दमनकारी चक्र के खिलाफ डटकर मुकाबला किया। सोनम वांकचुक ने जेल से निकलने के बाद तनखा के आवास पर हुई पत्रकार वार्ता में जो कहा वो प्रेरणादायी है और आज के नौजवानों को उससे सीख भी लेनी चाहिए, उनके चहरे में बदले और प्रतिशोध जैसा कुछ देखने को नहीं मिला, बड़ी सरलता से बेबाक़ अंदाज़ में कहा कि मैंने सरकार से स्पष्ट कहा कि मुझे जेल से भले सालों मत छोड़ो पर में अपनी रिहाई पर किसी शर्त को मंजूर नहीं करूँगा, उन्होंने मुस्कुराकर कहा कि जीवन में सभी को एक बार जेल जाना चाहिए, उसका मतलब ये भी है कि हर एक को अपना हाँथ और सर उठाना चाहिए किसी मुद्दे को लेकर, देशद्रोही बताकर किसी को जेल भेजना और फिर अपने फैसले को वापस लेकर बिना शर्त जेल से रिहा करना यह दर्शाता है सरकार से भूल हुई।

# कोहली के मार्गदर्शन में आरसीबी खिताब बचाने को तैयार

बेंगलुरु (वार्ता)।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग के नए सीजन की तैयारी शुरू कर दी है, क्योंकि डिफेंडिंग चैंपियन 2026 के कैंपेन से पहले नए फोकस के साथ एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में लौट आए हैं। पहले ट्रेनिंग सेशन के दौरान टीम को संबोधित करते हुए, स्टार बैटर विराट कोहली ने उन स्टैंडर्ड को बनाए रखने की अहमियत पर ज़ोर दिया, जिनकी वजह से फ्रैंचाइजी ने पिछले साल का टाइटल जीता था।



## तैयारी के समय का पूरा फायदा उठाने की जरूरत

कोहली ने कहा, हमने पिछले दो से तीन सीजन में जो हासिल किया, उसे हासिल करने के लिए हमने बहुत मेहनत की है, और यह और भी मुश्किल होने वाला है क्योंकि दूसरी टीमें हमें कड़ी टक्कर देंगी। तैयारी के समय का पूरा फायदा उठाने की जरूरत पर ज़ोर देते हुए, कोहली ने कहा, हम इन दिनों को बर्बाद नहीं करते। हम आगे रहते हैं। इसलिए अभी से तैयार हो जाइए। आइए, हम जिस भी सेशन का हिस्सा हैं, उसका एक मिनट भी बर्बाद न करें। हमें इन ढाई महीनों में अपना 120 परसेंट देना होगा।

## नए मेंबर्स को टीम में शामिल किया गया

ओपनिंग सेशन में कई नए मेंबर्स को टीम में शामिल किया गया। हेड कोच एंडी फ्लावर ने नए खिलाड़ियों का स्वागत किया, जिनमें वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्तवाल और सात्विक देसवाल शामिल हैं। उन्होंने अंडर-19 वर्ल्ड कप विनर कनिष्क चौहान और विहान मल्होत्रा का भी खास ज़िक्र किया। फ्लावर ने कहा, हमारा ऑक्शन दिलचस्प रहा और मुझे लगता है कि हमने अपनी टीम को बेहतर बनाया है, सच कहूं तो। हमने कुछ बेहतरीन नए खिलाड़ियों को शामिल किया है। विराट और रजत की लीडरशिप में पहले से मौजूद खिलाड़ियों के साथ उन्हें आरसीबी के तरीके से जोड़ना इस टीम को बनाने का एक रोमांचक हिस्सा है।

## अब हमारे सामने एक नया चैलेंज

उन्होंने आगे कहा, इस साल एक फ़र्क है, हमारी शर्ट पर एक स्टार है। यह सभी आरसीबी फैंस के लिए बहुत गर्व की बात है। लेकिन वह सीजन चला गया। अब हमारे सामने एक नया चैलेंज है, और यह रोमांचक है। हम इस साल का आईपीएल जीतने के लिए यहां हैं। नए रिक्रूट और विकेटकीपर-बैटर जितेश शर्मा ने भी सेटअप में शामिल होने को लेकर अपना उत्साह दिखाया। हर कोई एक-दूसरे से मिलकर बहुत उत्साहित था। मुझे और बैटिंग टाइम मिलने से खुशी हुई। मुझे सभी कोच से मिलने और फिर से ट्रेनिंग करने का मौका मिला।

## हमारा पहला गेम यहां चिन्नास्वामी में है

फ्लावर ने घर पर कैंपेन शुरू करने के फायदे के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा,हमारा पहला गेम यहां चिन्नास्वामी में है, जो हमारे लिए शुरुआत में ही मोमेंटम बनाने और हमारे घरेलू फैंस का स्वागत करने का एक शानदार मौका है। आउटफील्ड शानदार, हरा-भरा और सुंदर दिख रहा है। आरसीबी 28 मार्च को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने टाइटल डिफेंस की शुरुआत करेगा।

# आईपीएल कमेंट्री से मेरे हटने में जय शाह का कोई हाथ नहीं: शिवरामकृष्णन

नयी दिल्ली (वार्ता)।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने स्पष्ट किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले कमेंट्री की जिम्मेदारियों से हटने के उनके फैसले में न तो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का और न ही मौजूदा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह का कोई हाथ था।

शिवरामकृष्णन ने कहा, बीसीसीआई प्रशासन को इस मामले में मत घसीटो। यह बीसीसीआई के एक कर्मचारी के साथ मेरा सीधा मामला है। जय शाह और उनकी टीम का इस मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। मैं अपनी जिंदगी का कंट्रोल अपने हाथों में ले रहा हूं और मुझे लगता है कि मुझे ऐसा करने का हक है। इस पूर्व लेग-स्पिनर ने हाल ही में बीसीसीआई के साथ कमेंटेटर के तौर पर अपनी लंबे समय से चली आ रही भूमिका को छोड़ने के अपने फैसले का ऐलान किया था।



सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में उन्होंने आरोप लगाया कि दो दशकों से ज़्यादा समय तक कमेंट्री पैनल से जुड़े रहने के बावजूद उन्हें भेदभाव और पर्याप्त मौकों की कमी का सामना करना पड़ा। शिवरामकृष्णन ने बताया कि टॉस प्रेजेंटेशन और मैच के बाद के सेगमेंट जैसे अहम ऑन-एयर कामों के लिए अक्सर उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता था। मैं बीसीसीआई के लिए कमेंट्री से रिटायर हो रहा हूं। अगर 23 सालों में मुझे टॉस और प्रेजेंटेशन के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया और नए लोग आकर पिच रिपोर्ट, टॉस और प्रेजेंटेशन करते हैं, तब भी जब (रवि) शास्त्री कोचिंग दे रहे थे, तो आपको क्या लगता है कि इसकी वजह क्या हो सकती है। बीसीसीआई के अधिकार रखने वाली कंपनी का स्तर कैसे गिरता है कोई अंदाजा। मेरा रिटायरमेंट कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। लेकिन टीवी प्रोडक्शन की एक कहानी सामने आ रही है। जल्द ही आपको पूरी तस्वीर साफ नजर आएगी।

# महिला टी-20 में शतक लगाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं रवांडा की उतागुशीमानिंदे



**अबुजा (वार्ता)।** रवांडा की फ़ैनी उतागुशीमानिंदे महिला टी20 डेब्यू में शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज़ बनीं। उन्होंने घाना के ख़िलाफ़ नाइजीरिया इनविटेशनल महिला टी-20 टूर्नामेंट के एक मुक़ाबले में 65 गेंदों में 111 रनों की नाबाद पारी खेली। 15 साल और 223 दिन की उम्र में उतागुशीमानिंदे महिला टी20 में शतक लगाने वाली सबसे युवा बल्लेबाज भी बनीं। इससे पहले महिला टी20 डेब्यू में सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की कैरेन रॉलटन के नाम था जिन्होंने 2005 में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टांटन में 96 रनों की नाबाद पारी खेली थी। वह मैच महिला टी20 इतिहास का सिर्फ़ दूसरा ही अंतरराष्ट्रीय मुक़ाबला था। दूसरी तरफ़ इससे पहले महिला टी 20- में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड यूगांडा की प्रोस्कोविया अलाको के नाम था जिन्होंने 16 साल और 233 दिन की उम्र में माली के ख़िलाफ़ किगाली में 2019 में 116 रनों की पारी खेली थी। पुरुष क्रिकेट में अभी तक चार बल्लेबाज़ों ने टी20 डेब्यू में शतक लगाया है, लेकिन उसमें से एक भी पूर्ण सदस्य देश से नहीं हैं। कनाडा के मैथ्यू स्पूर्स ने 2022 में फ़िलीपींस के ख़िलाफ़ 108 रनों की नाबाद पारी खेली थी। पुरुष क्रिकेट में फ्रांस के गुस्ताव मैकियोन टी20 में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज़ हैं जिन्होंने यह रिकॉर्ड 18 साल और 280 दिन की उम्र में बनाया था। उतागुशीमानिंदे के शतक की मदद से रवांडा ने 210 पर 3 का बड़ा स्कोर बनाया और उनके बाद दूसरी सर्वश्रेष्ठ स्कोरर मेर्विल उवासे रहीं जिन्होंने 19 गेंदों में 32 रनों की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा 28 रन अतिरिक्त से आए जिसमें 25 वाइड थे। जवाब में घाना की टीम 20 ओवर में 88 पर 8 का स्कोर ही बना सकी और उन्हें 122 रनों से हार का सामना करना पड़ा।



## आकाश दीप आईपीएल से हुए बाहर

**कोलकाता (वार्ता)** हर्षित राणा के बाद अब आकाश दीप के भी इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर होने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को वैकल्पिक तेज गेंदबाज की तलाश है। कोलकाता नाइट राइडर्स के एक शीर्ष अधिकारी ने क्रिकबज को आकाश दीप के आईपीएल से बाहर होने की की पुष्टि करते हुए कहा, दुर्भाग्य से, वह आईपीएल से बाहर हो गया है। इस सीजन के लिए उसे बाहर कर दिया गया है। 29 वर्षीय बंगाल के इस तेज गेंदबाज आकाश दीप को फ्रैंचाइजी ने पिछले साल अबू धाबी में हुई मिनी-नीलामी में एक करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर खरीदा था। आकाश दीप कोलकाता नाइट राइडर्स के कैंप में शामिल नहीं हुए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया को हराकर जापान ने तीसरी बार जीता एएफसी महिला एशिया कप का खिताब

**सिडनी (वार्ता)।** जापान ने शनिवार को मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर तीसरी बार अपना तीसरा एएफसी महिला एशियाई कप खिताब जीता। आज यहां खेले गये खिताबी मुकाबले में जापान की हमानो माइको ने मैच के 17वें मिनट में निर्णायक गोल करके दो बार की चैंपियन टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद मेजबान टीम बराबरी का गोल करने के लिए काफी आक्रामक दिखी, लेकिन विपक्षी पाले में लंबे समय तक बिताने के बावजूद, वे गोल करने में सफल नहीं हो पाए। जापान की रक्षापंक्ति और गोलकीपर यामाशिता अयाका के शानदार बचाव ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के आक्रमण को विफल कर दिया।

दूसरा हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला लेकिन वे गोल करने में विफल रहे। जापान की टीम ने इस टूर्नामेंट के दौरान आक्रमण और डिफेंस के बीच बेहतरीन संतुलन बनाए रखा; उन्होंने कुल 29 गोल किए और सिर्फ दो गोल खाए,



और बिना कोई मैच हारे टूर्नामेंट से विदा ली। उल्लेखनीय है कि जापान की टीम इससे पहले वर्ष 2014 और 2018 में एएफसी महिला एशिया कप का खिताब जीता चुकी है।

## माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना 2.0 की घोषणा

**नयी दिल्ली (वार्ता)** केंद्र सरकार ने छोटे ऋण देने वाले माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना-2.0 (सीजीएसएमएफआई-2.0) शुरू की है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इस योजना का उद्देश्य बैंकों और वित्तीय संस्थानों को राष्ट्रीय ऋण गारंटी न्यास कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) को उनके माध्यम से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनीङ्क्माइक्रोफाइनेंस संस्थानों और माइक्रोफाइनेंस संस्थानों को छोटे उधारकर्ताओं को आगे ऋण देने के लिए प्रदान की गई ।

# आईपीएल 2026 में खिलाड़ियों पर चोटों की मार

नयी दिल्ली (वार्ता)।

आईपीएल 2026 शुरू होने से पहले ही खिलाड़ियों की चोटों से बुरी तरह प्रभावित हो गया है। कई खिलाड़ी चोटों की वजह से कुछ - या सभी - मैचों से बाहर हो गए हैं। यह टी-20 के लिए खास तौर पर बहुत बिज़ी साल रहा है, कुछ हफ़्ते पहले ही वर्ल्ड कप खत्म हुआ है, और कई फ्रैंचाइजी लीग हैं जिनके साथ नए साल की शुरुआत में डिमांड में रहने वाले खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आकाश दीप ,हर्षित राणा ,मथीशा पथिराना ,पैट कमिंस , जैक एडवर्ड्स ,सैम करन , जोश हेज़लवुड ,नाथन एलिस , मिशेल स्टार्क, लॉकी फर्ग्यूसन - वह टूर्नामेंट के शुरुआती हिस्सों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह घर पर समय बिताना चाहते हैं, जिसे वह अपने परिवार और नए जन्मे बेटे के साथ बिताना चाहते हैं। वैसे वह फिट हैं।

# स्कोडा ने जारी की नयी कुशक की कीमत



**नयी दिल्ली (वार्ता)** स्कोडा ऑटो इंडिया ने नये लुक में अपग्रेड के साथ नयी कुशक की कीमतों और ग्राहकों को डिलिवरी की घोषणा की है। कंपनी ने इस साल जनवरी में नयी कुशक लॉन्च की थी। स्कोडा ऑटो इंडिया ने शनिवार को बताया कि इसकी कीमत 10.69 लाख रुपये से 18.99 लाख रुपये तक है। बिल्कुल नये एट-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, रियर सीट मसाजर, और कई नये फीचर्स तथा मानक उपकरणों के साथ नयी कुशक 1.0 टीएसआई और नयी कुशक 1.5 टीएसआई दोनों में स्कोडा ऑटो इंडिया की यूरोपीय इंजीनियरिंग और पांच सितारा सेफ्टी को भारतीय सड़कों के अनुकूल बनाया गया है। नयी कुशक पांच मॉडलों - क्लासिक प्लस, सिग्नेचर, स्पोर्टलाइन, प्रेस्टिज और मॉन्टे कारलो - में उपलब्ध हैं, जो मैनुअल और रियल ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन का विकल्प देती है।

# थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत गिरी

**नयी दिल्ली (वार्ता)** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत गिर गयी। गेहूं में टिकाव देखा गया जबकि चीनी के दाम बढ़ गये। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 29 रुपये घटकर 3,809 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं की कीमत 2,819 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। आटे का मूल्य 13 रुपये कम हुआ। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। उड़द दाल की औसत कीमत 66 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 30 रुपये और मूंग दाल 22 रुपये महंगी हुई। चना दाल में भी सात रुपये की



तेजी देखी गयी। वहीं, मसूर दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 364 रुपये प्रति क्विंटल उछल गयी। सूरजमुखी तेल 201 रुपये और मूंगफली तेल 163 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल में 40 रुपये और वनस्पति में 26 रुपये की तेजी रही। सोया तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी 15 रुपये महंगी हुई।दाल चना 7713.61 रुपये, मसूर काली 8046.33 रुपये, मूंग दाल 10192.14 रुपये, उड़द दाल 10854.77 रुपये, तुअर दाल 11240.99 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2818.70 रुपये और चावल 3808.71 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3293.53 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4317.42 रुपये और गुड़ 5034.57 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17704.37 रुपये, मूंगफली तेल 18772.29 रुपये, सूरजमुखी तेल 17287.76 रुपये, सोया तेल 14390.94 रुपये, पाम ऑयल 13460.36 रुपये और वनस्पति 14718.92 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



## सबालेंका और रायबाकिना तीसरे दौर में

**मियामी (वार्ता)।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और वर्ल्ड नंबर 2 एलेना रायबाकिना ने शुक्रवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में अपने मियामी ओपन अभियान की विजयी शुरुआत की। सबालेंका ने अमेरिकन एन ली पर 7-6(5), 6-4 से दूसरे राउंड में 1 घंटे, 42 मिनट की जीत हासिल की जबकि रायबाकिना ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 1 घंटे, 17 मिनट में 6-3, 6-3 से हराया। सबालेंका ने अपनी जीत के बाद माना कि हालांकि वह अपने ओवरऑल खेल के लेवल से खुश नहीं थीं, लेकिन वह मुश्किल हालात में अपने रिस्पॉन्स से खुश थीं। शुरुआत में वह 4-1 से आगे थीं, लेकिन ली ने लगातार तीन गेम जीतकर बराबरी कर ली।

# टाटा.ईवी ने पेश किया हैरियर.ईवी का नया मॉडल फियरलेस प्लस क्वाड 75




**मुंबई (वार्ता)।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली इकाई टाटा.ईवी ने शनिवार को हैरियर.ईवी का नया मॉडल फीयरलेस प्लस क्वॉड75 पेश करने की घोषणा की। इसकी एक्स शोरूम कीमत 26.49 लाख रुपये है। इसमें चार्जर की लागत शामिल नहीं है। एसी फास्ट चार्जर के लिए 49 हजार रुपये अलग से देने होंगे। कंपनी ने बताया कि इसे उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो ऑफ रोड ड्राइविंग में रुचि रखते हैं। ग्राहक अब हैरियर.ईवी की बेजोड़ सुपरकार जैसी परफॉर्मेंस और डुअल-मोटर क्वाड व्हील ड्राइव के साथ कहीं भी जाने की ऑफ-रोड क्षमता का आनंद ले सकते हैं। इसमें 504 न्यूटन मीटर का जबरदस्त टॉर्क मिलता है और यह शून्य से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार 6.3 सेकंड में हासिल कर सकता है, जिससे सभी ड्राइविंग परिस्थितियों में तुरंत एक्सीलरेशन और सटीक कंट्रोल मिलता है। इसमें छह टेरेन मोड भी हैं, जिनके साथ ऑफ-रोड असिस्ट और बूस्ट मोड भी मिलता है।

दो मोटर के साथ चारों पहियों से ड्राइविंग सिस्टम ट्रैक्शन और स्थिरता को और भी बेहतर बनाता है, जिससे अलग-अलग तरह के रास्तों पर बेहतरीन परफॉर्मेंस सुनिश्चित होती है। यह गाड़ी 360-डिग्री कैमरे, जेबीएल ब्लैक 10-स्पीकर ऑडियो सिस्टम, आर19 अलॉय व्हील्स और वॉइस-असिस्टेड डुअल-ज़ोन पूरी तरह से ऑटोमैटिक टेम्परेचर कंट्रोल से लैस है।

## माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना 2.0 की घोषणा

**नयी दिल्ली (वार्ता)** केंद्र सरकार ने छोटे ऋण देने वाले माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना-2.0 (सीजीएसएमएफआई-2.0) शुरू की है।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इस योजना का उद्देश्य बैंकों और वित्तीय संस्थानों को राष्ट्रीय ऋण गारंटी न्यास कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) को उनके माध्यम से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनीङ्क्माइक्रोफाइनेंस संस्थानों और माइक्रोफाइनेंस संस्थानों को छोटे उधारकर्ताओं को आगे ऋण देने के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता पर संभावित नुकसान के खिलाफ गारंटी कवर प्रदान करना है।

छोटे एनबीएफसी और माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के लिए डिफॉल्ट राशि का 80 प्रतिशत, मध्यम के लिए 75 प्रतिशत और बड़े संस्थानों के लिए 70 प्रतिशत तक राशि दी जायेगी।

# शेयर बाजार में सप्ताह भर रहा उतार-चढ़ाव

## कच्चे तेल की कीमतों का बाजार पर पड़ा प्रभाव

**मुंबई ।** 20 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में तेजी और मंदी का मिश्रित दृश्य देखा गया। हफ्ते की शुरुआत में सेंसेक्स और निफ्टी में मजबूत उछाल देखने को मिला, लेकिन मध्य सप्ताह में बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं और घरेलू दबावों के चलते बाजार में भारी बिकवाली हुई। अंततः शुक्रवार को बाजार ने मामूली रिकवरी के साथ सप्ताह का समापन किया। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को हुई, जब ब्लू-चिप शेयरों जैसे एचडीएफसी बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मजबूत खरीदारी से सेंसेक्स 938.93 अंक बढ़कर 75,502.85 पर और निफ्टी 257.70 अंक बढ़कर 23,408.80




पर बंद हुआ। उसी दिन रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की गिरावट देखी गई, जो 92.43 पर बंद हुआ। मंगलवार को भी बाजार हरे निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स 567.99 अंक बढ़कर 76,070.84 और निफ्टी 172.35 अंक बढ़कर 23,581.15 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में रुपये में 14 पैसे की गिरावट के बावजूद बाजार की बढ़त जारी रही। बुधवार को कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और वैश्विक बाजारों में मजबूती के चलते बाजार ने पिछले दो सत्रों की बढ़त को बरकरार रखा। बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक बढ़कर 76,704.13 पर और निफ्टी 196.65 अंक बढ़कर 23,777.80 पर बंद हुआ। लेकिन गुरुवार को अचानक भारी बिकवाली देखने को मिली। सेंसेक्स 2,496.89 अंक गिरकर 74,207.24 पर और निफ्टी 775.65 अंक गिरकर 23,002.15 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और फेडरल रिजर्व की कड़ी नीति इस गिरावट के प्रमुख कारण रहे। शुक्रवार को बाजार ने रिकवरी दिखाई।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, आईटी और धातु शेयरों में मजबूत खरीदारी से सेंसेक्स 325.72 अंक बढ़कर 74,532.96 पर और निफ्टी 112.35 अंक बढ़कर 23,114.50 पर बंद हुआ।

# एक ऐसा कर्मचारी जो 400 केव्ही की चालू लाइन में करता है काम

## दिल्ली में आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट-2026 में हुआ सम्मान






जबलपुर (स्वतंत्र मत)

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट-2026 में मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले सहित अनेक विद्यार्थियों एवं आगंतुकों ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा प्रस्तुत मॉडल की सराहना की। ऊर्जा विभाग के स्टॉल पर प्रदर्शित हॉट सूट मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस मॉडल में एक पुतले को एक्स्ट्रा हाई टेंशन इंसुलेटेड सूट पहनाया गया था, जिसे देखकर दर्शकों में उत्सुकता देखी गई। एमपी ट्रांसको के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप गायकवाड ने इसकी कार्यप्रणाली को सरल भाषा में समझाया। इसके अलावा मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा उपयोग की जा रही ट्रांसमिशन टावरों की ड्रोन पेट्रोलिंग के संबंध में भी अनेक लोगों ने उत्सुकता पूर्वक जानकारी हासिल की।

### साझा किए अनुभव

उल्लेखनीय है कि इस विशेष इंसुलेटेड सूट को पहनकर प्रशिक्षित हॉटलाइन स्टाफ बेयर हैंड तकनीक के माध्यम से 400 केवी ट्रांसमिशन लाइनों पर बिना विद्युत आपूर्ति बाधित किए ही मरम्मत कार्य करते हैं। यह कार्य अत्यंत जटिल एवं उच्च दक्षता पूर्ण होता है। इस अवसर पर मुख्यालय जबलपुर में पदस्थ एवं समिट मे एमपी ट्रांसको के हॉटलाइन प्रशिक्षित लाइन स्टाफ का प्रतिनिधित्व करते हुए राजेंद्र कुमार कुशवाहा ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि 400 केवी की चालू लाइनों में खराब डिस्क बदलने जैसे जटिल कार्य भी प्रशिक्षित टीम द्वारा सफलतापूर्वक किए जाते हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने श्री कुशवाहा के उत्कृष्ट एवं जोखिमपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।



## कलेक्टर ने किया रांझी अस्पताल का निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शनिवार को रांझी अस्पिताल का निरीक्षण कर चिकित्सिय व्यकवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही अस्पिताल के निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करें। भ्रमण के दौरान मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय मिश्रा, एसडीएम मोनिका बाघमारे सहित अन्यि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय ओलंपियाड में दमखम दिखाएंगे शहर के 4 विद्यार्थी



### ग्वालियर के लिए हुए रवाना, जिला स्तरीय परीक्षा में हुआ था चयन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

राज्यशिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार जिले के सभी विकासखंडों के मुख्यालय पर शासकीय स्कूलों के कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें 1616 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की थी। जनशिक्षा केंद्र स्तर से चयनित छात्र-छात्राओं ने जिला स्तर की ओलंपियाड परीक्षा में सहभागिता की थी। इसके साथ ही डीपीसी योगेश शर्मा के द्वारा द्वारा राज्य स्तर के अंग्रेजी ओलंपियाड के लिये चयनित चार छात्र- छात्राओं, उनके अभिभावक एवं मार्गदर्शक शिक्षक को आज 21 मार्च को ग्वालियर रवाना किया गया।

इन विद्यार्थियों का हुआ चयन

यह बच्चे 22 एवं 23 मार्च को ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड एवं सम्मान समारोह में सहभागिता करेंगे। इन चयनित छात्र-छात्राओं में सिहोरा विकासखंड से कक्षा दूसरी की छात्रा दिव्या कक्षा तीसरी की छात्रा सान्या हल्दकार, शहपुरा विकासखंड से कक्षा चौथी की छात्रा दीपिका मेहरा तथा पनागर विकासखंड से कक्षा पांचवी की छात्रा नाविका पटेल का चयन हुआ है। राज्य स्तरीय ओलंपियाड के लिए जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डीपीसी योगेश शर्मा, एपीसी राजेश तिवार आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# मिट्टी पूजन कर जल संरक्षण का संकल्प



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** मप्र शासन के द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद के तहत गठित नवाकुंर संस्था पौराणिक अद्भुत विद्या शोध संस्थान के संयोजन में गोसलपुर स्थित कार्यालय में खेत एवं बरगद के पेड़ के नीचे की मिट्टी को एकत्रित कर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित की जाने वाली प्राप्त गतिविधियों के तारतम्य मे मिट्टी सुपोषण अभियान के अन्तर्गत समिति के सदस्यों के साथ खेत की मिट्टी पूजा कर गौ आधारित, जैविक, प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष दिव्याकर्षण राज त्रिपाठी, हेमचंद असाटी, अर्पित चौबे आदि उपस्थित रहे।

# वसूली न देने पर बिल्डर पर चाकू से किया हमला



### गोहलपुर थाने की घटना, आरोपी फरार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शनिवार सुबह एक बिल्डर पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गोहलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सुशीला परिसर के गेट के पास तीन आरोपियों ने संदीप गुप्ता को रोका और रुपए की मांग करने लगे। संदीप के मना करने पर बदमाशों ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उनके पैर और कमर में गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद संदीप ने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल बिल्डर को तुरंत दमोह नाका स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित संदीप गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना गोहलपुर स्थित अपनी निर्माणाधीन साइट पर जाते हैं। शनिवार को भी वह काम देखकर लौट रहे थे, तभी गेट पर खड़े तीन लोगों ने उन्हें रोक लिया और पैसे मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया। घायल संदीप ने बताया कि एक दिन पहले यानी शुक्रवार को भी उन्हें कुछ लोगों के फोन आए थे, जिनमें रुपए की मांग की जा रही थी, लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। बहरहाल पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का आगमन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का आज रविवार 22 मार्च को सुबह 11 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री सारंग यहां विजय नगर स्थित वर्मा बारात घर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित 32वें विराट युवक.युवती परिचय में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा दोपहर 2 बजे वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# किल्लत के बीच घरेलू गैस सिलेण्डर से हो रही थी रिफिलिंग

जबलपुर ( स्वतंत्र मत)



घरेलू गैस सिलेण्डर से गैस रिफिलिंग करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ते हुए उसके खिलाफ कार्यवाही की प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी बरेला शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि 20 मार्च की शाम मुखबिर से सूचना मिली कि जैन मंदिर के पास बरेला में एक व्यक्ति अवैध रूप से गैस सिलेण्डर को किसी वाहन में गैस भरने के लिये रखा है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश देने पर इंडेन कम्पनी का घरेलू गैस सिलेण्डर, एक रिफलिंग मोटर मशीन जिसमें काले रंग के पाईप रेग्युलेटर एवं इलेक्ट्रानिक वायर और एक इलेक्ट्रानिक तराजू रखे मिला जिसका नाम कृष्ण कुमार सोनकर (59 वर्ष) निवासी ग्राम हिनोतिया है। आरोपी से पूछे जाने पर उसने वाहनों में गैस रिफलिंग के लिए सामग्री रखना बताया, आरोपी के कब्जे से सभी समान जब्त करते हुये मामला दर्ज कर उसके विरूद्ध कार्यवाही की गई।

## किसी का भविष्य बना सकती हैं दान की गई पुस्तक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्कूली बच्चों और अभिभावकों को रियायती दर पर पाठ्य पुस्तकें, कापियां एवं गणवेश उपलब्ध कराने इस वर्ष भी शहर के हृदय स्थल गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में 25 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक मेला का आयोजन किया जायेगा। पुस्तक एवं गणवेश मेला में इस बार भी बुक बैंक का स्टॉल लगाया जा रहा है और पुरानी पाठ्य पुस्तकों के संग्रहण एवं वितरण की व्यवस्था की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के अनुसार पुस्तक मेला में लगाये जाने वाले बुक बैंक के स्टॉल के लिये विद्यार्थियों से पूर्व वर्ष की किताबों का संग्रह प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जो पुरानी पाठ्य पुस्तकें दान स्वरूप बुक बैंक स्टॉल में देना चाहते हैं, वे अपनी पुस्तकें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला शिक्षा केंद्र में जमा कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से भी अपेक्षा की है कि उनके विद्यालय में उपलब्ध पुरानी पाठ्य पुस्तकों अथवा विद्यार्थियों के पास उपलब्ध उपयोगी पुस्तकों को एकत्र कर उन्हें पुस्तक मेले हेतु जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

# बेकाबू सांड ने छीना दिन का चैन और रातों की नींद

### ग्राम छपरी में मचाया आतंक, अब तक कई लोग घायल





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर ग्राम छपरी में एक सांड अब तक लगभग 10 लोगों को घायल कर चुका है। इससे गांव में दहशत का माहौल है। आलम यह है कि सांड को देखते ही ग्रामीण सारे काम छोड़कर वहां से भाग खड़े होते हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सांड को पकड़कर गोशाला में छुड़वाने की मांग की है। दरअसल कुछ दिन पहले कहीं से गांव में आए सांड ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। उसके आतंक के कारण लोग रास्ते में चलने से डर रहे हैं। वह बच्चे महिला, बुजुर्ग कोई भी हो देखते ही हमला कर देता है। इन घटनाओं को लेकर छपरी गांव के लोगों ने बताया कि हाल ही में सांड ने एक 12 वर्षीय किशोर को उठाकर पटक दिया था, जिससे उसको गंभीर चोटें आईं। उसके एक पैर में 8 और दूसरे में 3 टांके आए हैं। गांव के सरपंच, सचिव से शिकायत की गई पर समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि सांड के डर से बच्चों ने स्कूल और आंगनबाड़ी जाना छोड़ दिया है। किसान खेत जाने से डर रहे हैं। फसलों को पानी नहीं दे पा रहे हैं। इस मामले को लेकर क्षेत्र के एसडीएम का कहना है कि वेटनरी डॉक्टरों की टीम बुलाकर सांड को जल्द ही रेस्क्यू करवाया जाएगा।

# पुराने स्वरूप में आएगी गौर नदी, 15 करोड़ की लागत से होगा शहर का सौंदर्यीकरण

### गौर नदी और माढ़ोताल तालाब का हुआ जीर्णोद्धार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



संकल्प जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत् शहर में प्रथम चरण में लगभग 25 करोड़ रूपये की लागत से गौर नदी और माढ़ोताल तालाब का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। शनिवार को माढ़ोताल तालाब के जीर्णोद्धार का काम शुरू किया गया। इसके पूर्व गौर नदी का भी पुराना गौरव वापस लाने के लिए काम शुरू कराया गया है। मुख्यमंत्री के संकल्प को संस्कारधानी में महापौर ने साकार करना शुरू कर दिया है। शहर के प्रमुख 5 तालाबों जिसमें हनुमानताल का कार्य 50 प्रतिशत से अधिक, अधारताल 25 प्रतिशत से अधिक, गंगासागर के लिए निविदा प्रक्रिया की ओर प्रगति पर है, रानीताल 40 प्रतिशत से अधिक, सूपाताल का उन्नयीनीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्पों को साकार करने की दिशा में जल स्त्रोंतों का संरक्षण और सिटी ब्यूटीफिकेशन पर विशेष फोकस करते हुए शहर में बड़े पैमाने पर अद्योसंरचना एवं विकास के कार्य कराये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 30 जून तक गौर मईया नदी जो एक मात्र मां नर्मदा में मिलने वाली सहायक नदी है को पुराने स्वरूप में लाकर लाखों लोगों को लाभांवित करने का कार्य किया जायेगा।

***कछपुरा और शास्त्री ब्रिज का मिलेगा भव्य स्वरूप***- इसके साथ-साथ अप्रैल के फस्ट वीक में माढ़ोताल तालाब में 2 हजार से अधिक कार सेवकों के द्वारा श्रमदान किया जायेगा। महापौर ने बताया कि सिटी ब्यूटीफिकेशन को लेकर शहर के पांचों प्रवेश द्वारों और 12 प्रमुख चौराहों पर लैंण्डस्केपिंग फव्वारा, फाउंटेन, प्रकाश, प्लांटेशन और पेंटिंग से सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जायेगा। शहर के प्रमुख चौराहो पर सौन्दर्यीकरण किया जायेगा। 3 करोड़ रूपये की राशि से सरदार वल्लभ भाई पटैल (कछपुरा) और शास्त्री ब्रिज का भव्य एवं नया स्वरूप दिया जा रहा है।

### 23 को जिला सलाहकार समिति की बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 23 मार्च को दोपहर 1 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुये नवीन पंजीयन, नवीनीकरण एवं संशोधन के आवेदनों पर विचार किया जायेगा।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, RNI No. 64561/96.